कोटद्वार,शुक्रवार
19 जनवरी 2024
वर्षः 45
अंकः 257 पृष्ठः 4
मूल्यः 2.00
RNI-35469/79

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com
स्थापित 1979

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2021-23 फोनः 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

## एक नजर

### खाई में गिरी कार, टेलीकॉम विभाग में तैनात कर्मी की मौत

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : पौड़ी राष्ट्रीय राजमार्ग में भदालीखाल के समीप एक कार अनियंत्रित होने से खाई में गिर गई। दुर्घटना में टेलीकॉम विभाग में कार्यरत एक कर्मी की मौत हो गई। पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के बाद स्वजनों को सौंप दिया। पुलिस ने बताया कि जनपद बिजनौर स्थित ग्राम रामदास वाली, पोस्ट नांगलसोती, थाना मंडवाली निवासी योगेंद्र कुमार अपनी कार में सवार होकर पौड़ी से कोटद्वार की ओर आ रहे थे। इसी दौरान भदालीखाल के समीप उनकी कार अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई। आसपास से गुजर रहे अन्य वाहन चालकों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने रेस्क्यू अभियान चलाकर घायल को खाई से बाहर निकाला और 108 के माध्यम से राजकीय बेस चिकित्सालय कोटद्वार पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार, युवक टावरों का निरीक्षण करने के बाद अपने घर बिजनौर लौट रहा था।

### उत्तरकाशी जिले में एक घंटे में 2 बार भूकंप के झटके

देहरादून। उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले में गुरुवार सुबह दो बार भूकम्प के हल्के झटके महसूस किये गए। भूकंप के झटकों से कहीं किसी प्रकार की अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली है। भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 2.8 और 2.7 मापी गयी। उत्तरकाशी जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र के प्रभारी डीएस पटवाल ने बताया कि आज सुबह 08:30 बजे आये भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 2.8 और मापी गयी। भूकंप का केंद्र हुण्ड तहसील के कनवा में 30.78 उत्तरी अक्षांश और 78.40 पूर्वी देशांतर पर जमीन की सतह से पांच किलोमीटर की गहराई में रहा। अधिकारी ने बताया कि करीब एक घंटे बाद 09:32 बजे भूकम्प का दूसरा झटका महसूस किया गया जिसकी तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 2.7 रही। दूसरी बार आये भूकंप का केंद्र भटवाड़ी तहसील के उत्तरो में 30.83 उत्तरी अक्षांश और 78.48 पूर्वी देशान्तर पर जमीन की सतह से पांच किलोमीटर की गहराई में रहा। दो बार भूकंप के झटके महसूस होने पर जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा तत्काल दूरभाष एवं व्हाट्सएप/वायरलैस के जरिए सभी तहसीलों, पुलिस थाना, चौकियों और राजस्व उपनिरीक्षको को अलर्ट किया गया है। भूकंप के चलते किसी भी प्रकार के जान–माल के नुकसान की अबतक खबर नहीं मिली है। टीमों को अलर्ट किया गया है। गौरतलब हो बीते कई महीनों में उत्तराखंड में भूकंप के हल्के झटके आते रहे हैं।

### टेक ऑफ के दौरान विमान का टायर फटा, बाल–बाल बची 130 यात्रियों की जान

चेन्नई ,तमिलनाडु के चेन्नई से 130 यात्रियों को लेकर कुआलालंपुर जाने वाली एक अंतरराष्ट्रीय फ्लाइट की एक बड़ी दुर्घटना टल गई। आज जब फ्लाइट रनवे से टेक ऑफ करने वाली थी, तभी फ्लाइट का टायर फट गया। हालांकि, टायर फटने के बाद कोई दुर्घटना नहीं हुई, लेकिन सभी यात्री सुरक्षित हैं और उन्हें विमान से उतार दिया गया। हवाई अड्डे के एक वरिष्ठ अधिकारी ने इस बात की जानकारी देते हुए बताया कि विमान का पिछला टायर उस समय फट गया जब वह मलेशिया की राजधानी के लिए उड़ान भर रहा था।

इसके बाद, सभी यात्री उतर गए और उन्हें शहर के होटलों में आवास प्रदान किया गया है।

# सीएम धामी ने पीएम मोदी से 1 हजार करोड़ की स्वीकृति देने का किया अनुरोध



जयन्त प्रतिनिधि। देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री को बागेश्वर में बने ताम्र शिल्प पर आधारित उत्पाद तथा उत्तराखण्ड की महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा तैयार की गई सामग्री भेंट की। भेंट के दौरान मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से कर्णप्रयाग-ग्वालदम मार्ग में सीमा सड़क संगठन द्वारा किये जा रहे कार्यों में तेजी लाने, पर्यटन और सैन्य आवगमन तथा आम जनमानस के लिए अत्यन्त उपयोगी 189 किमी. काठगोदाम-भीमताल, ध्यानाचुली-मोरनोला–खेतीखान-लोहाघाट-पंचेश्वर मोटर मार्ग को राष्ट्रीय राजमार्ग के रूप में अधिसूचित करने एवं मानसखण्ड मन्दिर माला परियोजना के अन्तर्गत मानसखण्ड मन्दिरों को जोड़ने वाले 20 मार्गो हेतु 01 हजार करोड़ रूपये की स्वीकृति प्रदान करने का अनुरोध किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में चारधाम यात्रा पर आने वाले यात्रियों एवं पर्यटकों को मानसखण्ड मन्दिर माला के दर्शन करने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए गढ़वाल तथा कुमायूं को जोड़ने वाले मार्गों का उच्चीकरण किया जाना आवश्यक है। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री का उत्तराखण्ड को वेडिंग डेस्टिनेशन बताये जाने के प्रति आभार व्यक्त करते हुये कहा कि प्रधानमंत्री की अपील के बाद उत्तराखण्ड में शादियों के लिये देश विदेश से बडी संख्या में लोगों द्वारा बुकिंग की जा रही है, इससे राज्य के लोगों को रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे। उत्तराखण्ड में वेडिंग डेस्टिनेशन विकसित किये जाने के लिए 150 करोड़ रूपये के निवेश भी प्राप्त हुये हैं। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री को बताया कि मानसखण्ड मन्दिर माला मिशन के अन्तर्गत चिन्हित 48 पौराणिक मन्दिरों में से 16 मन्दिरों में अवस्थापना विकास के कार्य शुरू हो चुके हैं। जागेश्वर धाम हेतु 150 करोड़ रूपये का मास्टर प्लान बनाया गया है। मानसखण्ड मन्दिरों के प्रचार-प्रसार हेतु 'भारत गौरव मानसखण्ड एक्सप्रेस'' ट्रेन देश के विभिन्न स्थानों से उत्तराखण्ड के काठगोदाम, टनकपुर रेलवे स्टेशनों के लिये संचालित किये जाने का अनुरोध किया।

## नरेन्द्रनगर में कार खाई में गिरी, दो लोगों की मौत



नई टिहरी : नरेन्द्रनगर से देहरादून जा रही कार नरेन्द्रनगर रानीपोखरी बाईपास सड़क मार्ग पर दुर्घटना ग्रस्त हो गई। हादसे में कार में सवार दोनों लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने दोनों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भिजवाया है। बीते बुधवार रात करीब 8 बजे नरेन्द्रनगर गुजराड़ा रानीपोखरी बाईपास सड़क से देहरादून जाते समय डागर गांव से 3 किमी. आगे गुजराड़ा गांव के बीच एक कार अनियंत्रित होकर करीब 300 मीटर गहरी में जा गिरी। डागर गांव के निवासी चतर सिंह ने वाहन को दुर्घटनाग्रस्त होते देख घटना की सूचना नरेन्द्रनगर पुलिस को दी।

नरेन्द्रनगर थानाध्यक्ष गोपालदत्त भट्ट और तहसीलदार आयोध्या प्रसाद उनियाल पुलिस और राजस्व टीम के साथ मौके पर पहुंचे। रात अधिक होने के कारण सर्च अभियान में काफी मशक्त करनी पड़ी। सूचना पर एसडीआरएफ की टीम भी मौके पर पहुंची। सर्च अभियान के दौरान गंभीर घायल सुशील रावत (65) पुत्र शेर सिंह रावत निवासी भानियावाला देहरादून को खाई से निकालकर 108 सेवा की मदद से जॉलीग्रांट अस्पताल देहरादून पहुंचाय गया, जहां डॉक्टरों ने घायल व्यक्ति को मृत घोषित कर दिया। गहरी खाई और अंधेरा अधिक होने के कारण टीम को रात को सर्च अभियान को रोकना पड़ा। गुरवार सुबह एसडीआरएफ और पुलिस टीम ने दोबारा सर्च अभियान शुरू किया तो खाई से संजय बजाज (55) पुत्र तिलक राम बजाज निवासी न्यू मार्केट डोईवाला देहरादून का शव बरामद हुआ। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिये श्रीदेव सुमन अस्पताल नरेन्द्रनगर भिजवाया। बताया कार दुर्घटना में मारे गये लोगों के परिजनों को सूचना दे दी है। (एजेंसी)

### प्राण प्रतिष्ठा समारोह रोकने को दो जनहित याचिकाएं दायर, हाईकोर्ट का तत्काल सुनवाई से इन्कार

प्रयागराज ,अयोध्या में राम लला मंदिर के 22 जनवरी को निर्धारित प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर इलाहाबाद उच्च न्यायालय में दो जनहित याचिकाएं दायर की गई हैं। न्यायालय ने याचिकाओं की तत्काल सुनवाई से इनकार कर दिया है। गाजियाबाद के भोला सिंह द्वारा दायर पहली जनहित याचिका में, याचिकाकर्ता ने उच्च न्यायालय से समारोह में प्रधानमंत्री के साथ–साथ उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री की भागीदारी को प्रतिबंधित करने का आग्रह किया है। याचिकाकर्ता ने 2024 के संसदीय चुनावों के पूरा होने तक और सनातन धर्म गुरु सभी शंकराचार्यों की सहमति मिलने तक इस पर प्रतिबंध की मांग की है। याचिकाकर्ता ने 22 जनवरी के आयोजन पर प्रतिबंध लगाने की मांग करते हुए तर्क दिया कि मंदिर अभी भी निर्माणाधीन है और देवता की प्राण प्रतिष्ठा सनातन परंपरा के विपरीत है। याचिकाकर्ता का यह भी कहना है कि हिंदू कैलेंडर के मुताबिक पौष माह में कोई भी धार्मिक और मांगलिक कार्यक्रम आयोजित नहीं किए जाने चाहिए। ऑल इंडिया लॉयर्स यूनियन (एआईएलयू) द्वारा दायर दूसरी जनहित याचिका में, याचिकाकर्ता ने 21 दिसंबर, 2023 को यूपी के मुख्य सचिव द्वारा जारी एक परिपत्र को चुनौती दी है।

# मोदी की गारंटी' वाली गाड़ी फरवरी महीने में भी चलाएंगे, पीएम मोदी ने की घोषणा



नई दिल्ली ,'विकसित भारत संकल्प यात्रा' की कामयाबी से उत्साहित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अब 'मोदी की गारंटी' वाली गाड़ी को फरवरी महीने में भी चलाने की घोषणा कर दी है देशभर के विभिन्न शहरों से जुड़े 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' के हजारों लाभार्थियों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, विकसित भारत संकल्प यात्रा के 2 महीने पूरे हो चुके हैं। इस यात्रा में चलने वाला विकास रथ, विश्वास रथ है और अब इसको लोग गारंटी वाला रथ भी कह रहे हैं। ये विश्वास है कि कोई भी वंचित नहीं रहेगा, कोई भी योजनाओं के लाभ से नहीं छूटेगा। जिन गांवों में मोदी की गारंटी वाली गाड़ी अभी नहीं पहुंची है, वहां अब इसका बेसब्री से इंतजार हो रहा है। और, इसलिए पहले ये यात्रा 26 जनवरी तक हमने सोची थी, लेकिन, इतना समर्थन मिला है, इतनी मांग बढ़ी है, गांव–गांव से लोग कह रहे हैं कि 'मोदी की गारंटी' वाली गाड़ी हमारे यहां आनी चाहिए। जब ये मुझे पता चल रहा है तो मैंने सरकार के हमारे अफसरों से कहा है कि अब भई 26 जनवरी तक नहीं, थोड़ा आगे बढ़ाओ। लोगों को जरूरत है, लोगों की मांग है तो इसको जरा हमें पूरा करना होगा। इसलिए, शायद थोड़े दिन के बाद तय हो जाएगा ये मोदी की गारंटी वाली गाड़ी शायद फरवरी महीने में भी चलाएंगे।

प्रधानमंत्री ने कहा, जब 15 नवंबर को भगवान बिरसा मुंडा के आशीर्वाद से, हमने ये यात्रा शुरू की थी, तो इसकी इतनी सफलता की कल्पना नहीं की थी। बीते दिनों में मुझे कई बार इस यात्रा से जुड़ने का अवसर मिला। अनेकों लाभार्थियों से मेरी खुद बातचीत हुई। सिर्फ दो महीने में विकसित भारत संकल्प यात्रा, एक जनआंदोलन में बदल गई है। जहां भी मोदी की गारंटी वाली गाड़ी पहुंच रही है, लोग बहुत अपनेपन के साथ स्वागत कर रहे हैं। विकसित भारत संकल्प यात्रा से अब तक 15 करोड़ लोग जुड़ चुके हैं। देश की लगभग 70–80 प्रतिशत पंचायतों तक ये यात्रा पहुंच चुकी है।



## राज्यपाल गुरमीत सिंह ने की नई दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से शिष्टाचार भेंट

देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने गुरुवार को नई दिल्ली में माननीय राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान राज्यपाल ने माननीय राष्ट्रपति के हाल में उत्तराखंड भ्रमण की स्मृतियों पर आधारित कॉफी टेबल बुक और स्वयं की पुस्तक ह्यआत्मा के स्वरह्ल भेंट की। इस अवसर पर राज्यपाल ने माननीय राष्ट्रपति को राजभवन नैनीताल की स्थापना के 125 वर्ष पूरे होने के अवसर पर अप्रैल में आयोजित होने वाले कार्यक्रम हेतु बतौर मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया।

# पेयजल में बंद हो शहरी विकास का दखल

देहरादून। पेयजल, सीवरेज के काम जल निगम जल संस्थान से छीन कर शहरी विकास की एजेंसी को देने का विरोध तेज हो गया है। जल संस्थान पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन ने पेयजल विभाग में शहरी विकास के बढ़ते दखल को समाप्त करने की मांग की। तय हुआ कि पेयजल, सीवरेज के काम छीने जाने से होने वाले नुकसान का पूरा ब्यौरा सरकार को सौंपा जाएगा। प्रदेश भर में अभियान अलग से चलाया जाएगा। जल भवन नेहरू कालोनी में हुई बैठक में पूर्व सीजीएम, जीएम समेत अन्य कर्मचारी, पेंशनर्स शामिल हुए। अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह नेगी ने कहा कि पेयजल और सीवरेज के काम बेहद तकनीकी काम होते हैं। हल्की सी भी चूक से करोड़ों की योजनाओं का लाभ आम लोगों को नहीं मिल पाता। खासतौर पर सीवर लाइनों को बिछाने के दौरान लेवल हल्का भी बदलने पर लोगों के घरों के कनेक्शन कनेक्ट नहीं हो पाते। एकबार गड़बड़ी होने पर सुधार का भी कोई विकल्प नहीं होता। इस तरह की चूक शहरी विकास की एजेंसियों से राज्य में कई बार हो चुकी है। नैनीताल में बनाए गए एसटीपी में खराबी आई। अब नया एसटीपी बनाने की नौबत आ गई है। नैनीताल, हल्द्वानी में ही कई ओवरहेड टैंकों से पानी लीक होने की समस्या पेश आई। देहरादून में कई पेयजल लाइनों से आज भी पानी नहीं मिल पा रहा है। कई गलत टैंक और ट्यूबवेल बनाए गए। कहा कि अब इसी एजेंसी को फिर राज्य के 19 शहरों में अरबों के काम दिए जा रहे हैं। ये सीधे तौर पर जनता के धन की बर्बादी है। बैठक में तय हुआ कि इस अव्यवस्था से पेयजल एजेंसियों को जो आर्थिक नुकसान पहुंच रहा है, उसकी पूरी जानकारी सरकार को दी जाएगी। जिलों में जनप्रतिनिधियों को इस गड़बड़ी से अवगत कराया जाएगा। बैठक में पूर्व सीजीएम हर्षपति उनियाल, एसके गुप्ता, जीडी रतूड़ी, वीके सेठी, केएस चंदेल, मदनलाल जोशी आदि मौजूद रहे।

## साइकिल चोरी के आरोप में मुकदमा

रुड़की। घर के बाहर खड़ी साइकिल चोरी के आरोप में पुलिस ने एक युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की है।

गांव मोलना निवासी कुलदीप ने तहरीर देकर बताया कि गांव के ही रवि ने रात के समय उसके घर के बाहर से साइकिल चोरी कर ली। बताया कि आरोपी पहले भी गांव में कई चोरियां कर चुका है।

## संक्षिप्त समाचार

### सनातन गौरव उत्सव पर टपकेश्वर में विशेष पूजा

देहरादून। सनातन गौरव उत्सव के पांचवें दिन श्री राम दरबार माता वैष्णो देवी गुफा योग मंदिर टपकेश्वर महादेव में विशेष पूजा अर्चना और सामूहिक आरती की गई। मंदिर संस्थापक आचार्य डॉ. बिपिन जोशी ने सभी सनातन धर्मालंबियों का आह्वान किया कि सुन्दर काण्ड पाठ, श्री हनुमान चालीसा, अखण्ड रामायण पाठ, प्रसाद वितरण, प्रभात फेरी, पद यात्राओं, दीपदान आदि सभी माध्यमों से श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर कार्यक्रमों का आयोजन करें। साथ ही पूर्ण सतर्कता और सूझबूझ भी बनाएं रखें। आज श्री राम दरबार में श्री रामजन्म भूमि आंदोलन में 31 दिन तक रामकाज के लिए जेल में बंद रहे स्व. आशा राम विजय की धर्मपत्नी सुधा विजय ने श्री राम दरबार और हनुमान जी के विग्रह के समीप सुन्दर रंगोली बनाई और आरती में भाग लिया। इस अवसर पर योग शिक्षिका गीता जोशी, पंडित गणेश बिज्लवाण, पण्डित अरविंद बडोनी, कृष्णा नौटियाल का विशेष सहयोग रहा।

### नोचन्दी जुमेरात और ख्वाजा गरीब नवाज उर्स की छठी पर कलियर पहुंचे जायरीन

रुड़की। नौचन्दी जुमेरात और ख्वाजा गरीब नवाज उर्स की छठी पर कलियर में जायरीनों की भारी भीड़ रही। जायरीनों ने कड़ाके की ठंड में दरगाहों पर फूल और चादर पेश कर दुआ मांगी। इसके अलावा सूफी संतों ने अपनी खानकाहों में ख्वाजा गरीब नवाज की छठी मनाई। नौचन्दी जुमेरात पर दरगाह परिसर और बाजारों में जायरीनो की भरी भीड़ रही।

जायरीनों ने जगह–जगह लंगर बांटे। दरगाहों पर चादर और फूल पेश कर मुरादें, मन्नतें मांगी। भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन भी मुस्तैद दिखा। थाना प्रभारी निरीक्षक रविंद्र शाह ने बताया कि जायरीनों की भीड़ को देखते हुए दरगाह परिसर, पीपल चौक आदि जगहों पर अतिरिक्त पुलिसबल लगाया गया। सादी वर्दी में भी पुलिस तैनात की गई।

### शहर में बनेगा भव्य आंबेडकर पार्क

रुड़की। अंतराष्ट्रीय जनकल्याण श्री रविदास धाम ट्रस्ट की ओर से भव्य आंबेडकर पार्क का निर्माण किया जा रहा है। इसी उपलक्ष्य में रविवार को नगर में भव्य यात्रा निकाली जाएगी। पत्रकार वार्ता में धाम ट्रस्ट के अध्यक्ष योगेश कुमार ने बताया कि कोर कॉलेज के पास आंबेडकर पार्क की स्थापना की जा रही है।

# एसीएस राधा रतूड़ी ने दिए पूर्णागिरी क्षेत्र के विकास हेतु मास्टर प्लान को तत्काल प्रस्तुत करने के निर्देश

देहरादून। एसीएस राधा रतूड़ी ने पूर्णागिरी क्षेत्र के विकास हेतु मास्टर प्लान को तत्काल प्रस्तुत करने के निर्देश के साथ ही शासन स्तर के अधिकारियों एवं जिलाधिकारी चंपावत को मा0 मुख्यमंत्री जी की घोषणाओं पर इंटिग्रेटेड अप्रोच के साथ काम करते हुए जल्द से जल्द योजनाओं को पूरा करने की हिदायत दी

दूरस्थ एवं दुर्गम ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य शिविर लगाकर गर्भवती महिलाओं की नियमित स्वास्थ्य जांच एवं आवश्यक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध करवाने के निर्देश अपर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने पूर्णागिरी क्षेत्र के विकास हेतु मास्टर प्लान को तत्काल प्रस्तुत करने के निर्देश के साथ ही शासन स्तर के अधिकारियों एवं जिलाधिकारी चंपावत को मा0 मुख्यमंत्री जी की घोषणाओं पर इंटिग्रेटेड अप्रोच के साथ काम करते हुए जल्द से जल्द योजनाओं को पूरा करने की हिदायत दी है। इसके साथ ही मती राधा रतूड़ी ने जिलाधिकारी चंपावत को जिले में विशेष रूप से दूरस्थ एवं दुर्गम ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य शिविर लगाकर गर्भवती महिलाओं की नियमित स्वास्थ्य जांच एवं आवश्यक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए हैं। सचिवालय में अपर मुख्य



सचिव मती राधा रतूड़ी ने चंपावत विधानसभा क्षेत्र हेतु मुख्यमंत्री जी द्वारा की गई घोषणाओं की प्रगति की समीक्षा की।

बैठक में शहरी विकास विभाग द्वारा जानकारी दी गई कि चम्पावत के गोरलचोड मैदान को स्टेडियम का स्वरूप देने के सम्बन्ध में जिलाधिकारी द्वारा 45 लाख रुपये की वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति हेतु प्रस्ताव सचिव आवास को भेज दिया गया है। बनबसा में मुक्तिधाम के निर्माण के कार्य को जल्द ही सिंचाई विभाग को स्थानांतरित कर दिया जाएगा। नगर क्षेत्र चम्पावत में सीवर लाइन के सम्बन्ध में यूयूएसडीए द्वारा डीपीआर पर कार्य किया जा रहा है। चम्पावत में पंचमुखी गौशाला धाम के सम्बन्ध में शासन द्वारा स्थल चयन समिति से आख्या मांगी गई है। टनकपुर में कम्युनिटी हॉल के निर्माण के सम्बन्ध में कार्यवाही गतिमान है।पर्यटन विभाग द्वारा जानकारी दी गई कि चम्पावत में एडवेंचर पार्क के निर्माण, हैरिटेज स्ट्रीट के निर्माण, पूर्णागिरी क्षेत्र को ईको टूरिज्म हब के रूप में विकसित करने, गौरलचौड मैदान के समीप ओपन एयर थियेटर के निर्माण तथा गोल्ज्यू मंदिर के समीप पर्यटन अवस्थापनाओं के विकास के सम्बन्ध में कार्यवाही गतिमान है।

लोक निर्माण विभाग द्वारा जानकारी दी गई कि तहसील चम्पावत में ग्रामीण क्षेत्रों में (अलग–अलग ग्रामों में) 10 किमी सड़क निर्माण के सम्बन्ध में आगणन तैयार किये जा रहे हैं। चमतौला से ओलना तक मोटर मार्ग के निर्माण की डीपीआर 29 जनवरी तक शासन को उपलब्ध हो जाएगी। बालातडी के गोलचोरा बैड से खरडी मटकनी मोटर मार्ग के निर्माण, किमोटा–रिरवाडी मोटर मार्ग के निर्माण, टाक खंदक–करौली मोटर मार्ग के डामरीकरण, केदारनाथ गैस गोदाम से भैसर्क तक 2.5 किमी0 कच्चे मोटर मार्ग के सुधारीकरण, देवीधूरा मुख्य मार्ग से आदर्श महाविद्यालय देवीधूरा कन्वाण तक 03 किमी सड़क के नवनिर्माण तथा पखोटी बैंड से पखोटी बैरख 5 किमी कच्चे मोटर मार्ग के सुधारीकरण एवं डामरीकरण पर कार्यवाही गतिमान है।

# कैबिनेट मंत्री जोशी ने नया गांव के लक्ष्मीनाराण मंदिर व चीड़ोवाली में किया श्रमदान

देहरादून। कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर श्री राम प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर मंदिरों में स्वच्छता अभियान के तहत नया गांव के लक्ष्मी नारायण मंदिर व राजपुर रोड के चिड़ोवाली के शिव शक्ति धाम मंदिर परिसर में साफ–सफाई कर श्रमदान किया। मंत्री ने मंदिर में पूजा अर्चना कर प्रदेश वासियों की सुख समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर उन्होने चिड़ोवाली मंदिर परिसर के बाहर अमरूद की पौध का रोपण भी किया।

कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि सदियों की तपस्या अब पूरी होने जा रही है। उन्होंने लोगों से राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के दिन लाइव प्रसारण व अपने घरों में श्री राम ज्योति जलाने का आह्वान भी किया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष ज्योति कोटिया, मंडल अध्यक्ष प्रदीप रावत, सुरेंद्र राणा, पूनम नौटियाल, सतेंद्र नाथ, चुन्नी लाल सहित कई लोग उपस्थित रहे।

भाजपा ने अयोध्या में श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा उत्सव के लिए दून में निकल रही भव्य शोभायात्रा की तैयारियां तेज कर दी है। भाजपा महानगर अध्यक्ष सिद्धार्थ अग्रवाल ने बताया कि 20 जनवरी को निकलने वाली भगवान श्री राम की भव्य शोभायात्रा परेड ग्राउंड खेल मैदान से सुबह 10 बजे प्रारंभ होकर गांधी पार्क, घंटाघर, पलटन बाजार से वापसी डिस्पेंसरी रोड से होकर तहसील चौक, दर्शन लाल चौक से रेंजर ग्राउंड सम्पन्न होगी। यह एक ऐतिहासिक अलौकिक दिव्य भगवान श्री राम की शोभायात्रा होगी। जो कि भगवान के प्राण प्रतिष्ठा से पहले होने जा रही है। इस शोभा यात्रा में सभी हिंदू संगठन, सामाजिक संस्था, सनातनी हिन्दू धर्म को मानने वाले लोग अधिसंख्य रुप से सम्मिलित होकर भगवान श्री राम का आशीर्वाद प्राप्त करेंगे।

### रायपुर विधायक ने काली मंदिर में की सफाई

मन्दिरों मे स्वच्छता अभियान के तहत रायपुर विधायक उमेश शर्मा काऊ ने काली मन्दिर लाडपुर मे सफाई की। इस अवसर पर रुद्रेश शर्मा, उत्तम बन्दूनी, उज्ज्वल नेगी, महेन्द्र पुन्डीर, शेखर बरमोला, कविन्द्र सेमवाल, नरेश रावत उपस्थित रहे। वहीं पुनीता साक्षी, डॉ. आचार्य सुशांत राज, अनुराग गुप्ता, शानू, नरेश ग्रोवर, मोहिनी राज आदि ने निवर्तमान पार्षद संगीता गुप्ता के नेतृत्व में राम मंदिर दीपलोक से विशेष सफाई अभियान शुरू किया। जिसमें ऋषभ रावत, ओमवती, सुनीता, मोहित, ऋषभ, अरविंद, अरुण आदि मौजूद रहे।

## श्री राम से प्रेरणा लेकर राष्ट्रहित के संकल्पों को साकार करें युवा

रुड़की। उत्तराखंड ज्योतिष गुरुकुलम में चल रही श्रीराम कथा में कथा व्यास आचार्य रमेश सेमवाल ने कहा कि श्रीराम के बिना भारत भूमि की कल्पना नहीं की जा सकती। श्रीराम भारत के कण–कण में विराजमान हैं। उनका अवतार राष्ट्र कल्याण के लिए हुआ। कहा कि अयोध्या में बन रहा श्रीराम मंदिर युवा शक्ति को सनातन संस्कृति से जोड़ेगा। उन्होंने कथा में कहा कि जहां कोई छोटा बड़ा न हो, वही राम राज्य है। राम राज्य में किसी को कोई कष्ट नहीं होता। राम राज्य में चींटी से लेकर मनुष्य तक सब एक साथ सुखी रहते हैं।

## नगर निगम के 47 वार्डों से उठने लगा कूड़ा

देहरादून। नगर निगम से अनुबंधित वाटरग्रेस इकॉन सनलाइट प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के माध्यम से तैनात सफाई वाहन चालकों और हेल्पर ने हड़ताल समाप्त कर दी है। वेतन जारी होने के बाद कर्मचारी हड़ताल से वापस आए हैं। इसके बाद वार्डों से डोर टू डोर कूड़ा उठान शुरू हो गया है। सफाई वाहन चालक और हेल्परों को दिसंबर का वेतन अभी तक नहीं मिल पाया था। इससे खफा कर्मचारी बुधवार से हड़ताल पर चले गए थे। इससे निगम के 47 वार्डों में डोर टू डोर कूड़ा उठान ठप पड़ गया था। जिस कारण लोगों को परेशानी झेलनी पड़ रही थी। बुधवार को दोपहर तक कर्मचारियों की हड़ताल जारी रही, लेकिन इसके बाद निगम ने कंपनी को वेतन का बजट जारी किया। कंपनी ने कर्मचारियों के खातों में वेतन का पैसा डालना शुरू कर दिया, जिसके बाद कर्मचारी हड़ताल से वापस लौट आए। कर्मचारी सुनील कुमार, अरुण कुमार, राजपाल आदि का कहना है कि वेतन समय पर मिलना चाहिए। इधर, नगर आयुक्त गौरव कुमार ने बताया कि वेतन का बजट जारी कर दिया दिया है।

# वेतन विसंगतियों को दूर करने की मांग, सड़क पर उतरे पूर्व सैनिक

## पूर्व सैनिक संघर्ष समिति की ओर से शहर में निकाली गई आक्रोश रैली

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : वेतन विसंगतियों को दूर करने की मांग को लेकर पूर्व सैनिकों ने शहर में आक्रोश रैली निकाली। कहा कि लगातार मांग उठाने के बाद भी सरकार पूर्व सैनिकों के हितों को लेकर लापरवाह बनी हुई है। चेतावनी दी गई कि यदि जल्द समस्या का निराकरण नहीं हुआ तो पूर्व सैनिक एकजुट होकर आंदोलन को तेज करेंगे।

गुरूवार को पूर्व सैनिक संघर्ष समिति के बैनर तले पूर्व सैनिक देवी मंदिर में एकत्रित हुए। वहां से वे नारेबाजी करते हुए रैली की शक्ल में तहसील पहुंचे। तहसील पहुंचकर रैली सभा में तब्दील हो गई।

इस अवसर पर समिति अध्यक्ष महेंद्र पाल सिंह रावत ने कहा कि ओआरओपी में आई विसंगतियों को दूर करने की मांग को लेकर समिति पिछले वर्ष 20 फरवरी 2023 से लगातार धरना प्रदर्शन व ज्ञापन प्रेषित कर भारत सरकार का ध्यान विसंगतियों की ओर आकृष्ट कर रही है, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हो पाई है। ज्ञापन में पेंशन फैक्टर सबके लिए एक समान करने, पूर्व सैनिक विधवाओं और वीरांगनाओं को सर्विस के अनुसार पेंशन देने, जवानों व अधिकारियों को एक समान अपंगता पेंशन देने, मिलिट्री सर्विस पे जवानों और अन्य पदों के लिए एक समान करने, सभी स्वैच्छिक सेवानिवृत्त पूर्व सैनिकों को समान पद व समान पेंशन का लाभ देने व अन्य पदों के लिए अलग से वेतन आयोग का गठन करने की मांग की गई है रैली में प्रतिभाग करने वालों में गजेंद्र धस्माना, दौलत सिंह रावत, कुबेर जलाल, प्रमोद रावत, देवेंद्र बिष्ट, राजेश बिष्ट, सुभाष कुकरेती, ठाकुर सिंह, प्रेम सिंह नेगी और सुरेश नेगी सहित



कोटद्वार में आक्रोश रैली निकालते पूर्व सैनिक

## फेल हो चुका है भाजपा का डबल इंजन

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : जनपद पौड़ी गढ़वाल के विकासखण्ड बीरोंखाल में कांग्रेस ब्लाक अध्यक्ष महिपाल शाह की अध्यक्षता में कार्यकर्ताओं की बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने प्रदेश कांग्रेस कमेटी की ओर से नियुक्त चौबट्टाखाल विधानसभा प्रभारी बलबीर सिंह रावत और अन्य पदाधिकारियों का स्वागत किया बैठक में प्रभारी बलबीर सिंह रावत ने कहा कि वर्तमान में भाजपा की डबल इंजन सरकार के कार्यकाल में प्रदेश व्यापक स्तर पर घोटालों, महिलाओं पर अत्याचार व बेरोजगारी जैसी समस्याओं से जूझ रहा है। अग्निवीर योजना लाकर केंद्र सरकार ने उत्तराखंड के नौजवानों के सपनों पर पानी फेरने का काम किया है।

आज सबकी जिम्मेदारी है कि धर्म व जाति के नाम पर राजनीति करने वाली भाजपा की जनविरोधी सरकार को सत्ता से बेदखल करने में कांग्रेस की मदद करें। ब्लाक प्रमुख बीरोंखाल राजेश कण्डारी ने कहा कांग्रेस को सत्ता पर काबिज कराने के लिए सभी कार्यकर्ताओं को बूथ, मण्डल, विकास खण्ड व जिला स्तर पर संगठन को मजबूत करना होगा।

# अस्पताल में की जाएं चिकित्सकों की तैनाती

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : स्व. सरोजनी देवी लोक विकास समिति ने राजकीय बेस चिकित्सालय में रिक्त पड़े चिकित्सकों के पदों पर जल्द नियुक्ति की मांग की है। कहा कि चिकित्सकों के अभाव में अस्पताल केवल रेफर सेंटर बनकर रह गया है।

गुरुवार को समस्या को लेकर समिति ने उपजिलाधिकारी के माध्यम से स्वास्थ्य मंत्री को ज्ञापन भेजा।

बताया कि कोटद्वार में स्थित बेस चिकित्सालय में पहाड़ के साथ ही मैदान के सैकड़ों मरीज स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए पहुंचते हैं। लेकिन, यहां पर्याप्त चिकित्सक नहीं होने से मरीज व उनके तीमारदारों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। सुविधाओं के अभाव में बेस अस्पताल केवल रेफर सेंटर बनकर रह गया है।

ऐसे में सबसे अधिक परेशानी पहाड़ से आने वाले गरीब व असहाय परिवारों को होती है।

समिति ने अस्पताल में रिक्त गुर्दा रोग विशेषज्ञ, हृदय रोग विशेषज्ञ, निश्चेतक, चर्म रोग विशेषज्ञ व जर्नल सर्जन के पदों पर जल्द नियुक्ति करने की मांग की है। कहा कि जन सुविधा को देखते हुए इस ओर गंभीरता से कार्य किया जाना चाहिए। इस मौके पर समिति के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह नेगी, गजे सिंह रावत, गंभीर सिंह असवाल, नारायण सिंह नेगी आदि मौजूद रहे।

# पुल मरम्मत कार्य नहीं होने पर कांग्रेस ने जताया रोष

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : छः माह से अधिक का समय बीत जाने के बाद भी मालन पुल मरम्मत नहीं होने पर कांग्रेस ने रोष व्यक्त किया है। कहा कि सरकार जनता के हितों को लेकर लापरवाह बनी हुई है। आश्वासन के बाद भी अब तक मालन पुल मरम्मत का कार्य प्रारंभ नहीं किया गया है।

गुरवार को कांग्रेस कार्यकर्ता व पदाधिकारी तहसील परिसर में एकत्रित हुए। यहां उन्होंने समस्या को लेकर उपजिलाधिकारी को ज्ञापन दिया। महानगर कांग्रेस अध्यक्ष संजय मित्तल ने कहा कि कोटद्वार के मोटाढाक में विगत 13 जुलाई को मालन पुल क्षतिग्रस्त हो गया था। छः माह बीतने के बाद भी पुल निर्माण कार्य अभी तक आरंभ नहीं हो पाया है। इस कारण भाबर क्षेत्र की जनता को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। महानगर कांग्रेस की ओर से पुल निर्माण की मांग उठाने के बाद भी संबधित विभाग उदासीन बने हुए हैं। दूसरी ओर शहर की सड़कों की हालत भी वर्षाकाल से नहीं सुधारी गई है। जो थोड़ा पैच वर्क किया भी गया था, वह उखड़ गया है साथ ही नई बनाई सड़कों पर तो घास भी उग आई है, जो निर्माण में घटिया गुणवत्ता की ओर इशारा कर रही है। ज्ञापन में पुल व सड़क निर्माण कार्य अविलंब आरंभ करने की मांग की गई है और ऐसा न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी गई है। ज्ञापन सौंपने वालों में कार्यकारी अध्यक्ष प्रवीन रावत, यूथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष विजय रावत और धीरेंद्र सिंह बिष्ट सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल रहे।



पुल मरम्मत की मांग को लेकर तहसील में पहुंचे कांग्रेसी

# तहसीलदार की स्थायी नियुक्ति के लिए दिया धरना



कोटद्वार तहसील में धरना देते पूर्व सैनिक परिषद के सदस्य

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : कोटद्वार तहसील में स्थायी तहसीलदार की नियुक्ति की मांग को लेकर पूर्व सैनिक सेवा परिषद ने तहसील परिसर में धरना दिया। कहा कि तहसील में स्थायी तहसीलदार नहीं होने से जनता को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यदि जल्द स्थायी तहसीलदार की नियुक्ति नहीं की गई तो आंदोलन को तेज किया जाएगा।

गुरवार को सदस्यों ने तहसील परिसर में धरना दिया। बताया कि कोटद्वार तहसील में दुगड्डा ब्लाक के कई गांवों के ग्रामीणों सहित कोटद्वार निवासी भी अपना न्यायिक कार्य करवाने आते हैं। लेकिन तहसीलदार के न होने के कारण मायूस होकर वापस लौटने पर मजबूर हो जाते हैं। तहसील में तहसीलदार का पद लंबे समय से रिक्त चल रहा है।

परिषद के कई बार इस मांग को उठाने के बाद भी समस्या का समाधान नहीं हो पाया है। चेतावनी दी कि तहसील में तहसीलदार की शीघ्र नियुक्ति न होने पर परिषद आंदोलन को तेज करने पर बाध्य होगी। धरना स्थल पर परिषद अध्यक्ष जी के बड़थ्वाल, सी पी डोबरियाल, अनूप बिष्ट, सुरेश रावत, संजय असवाल, नीरज गुसाई और गजे सिंह आदि मौजूद थे।

# काशीपुर ने जीता दूसरे दिन का पहला हॉकी मैच

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : जिला क्रीड़ा विभाग की ओर से आयोजित हॉकी प्रतियोगिता के दूसरे दिन का पहला मुकाबला काशीपुर के नाम रहा। दूसरे दिन के पहले मुकाबले में काशीरामपुर स्टेडियम ने रानीखेत को 2-0, दूसरे मुकाबले में देहरादून ने टहरी गढ़वाल को 5-0 से तृतीय मुकाबले में चमोली ने रुद्रप्रयाग को 4-0 से हराया। चौथा मुकाबला महाराणा प्रताप स्टेडियम व हल्द्वानी के बीच खेला गया। जिसमें महाराणा प्रताप स्टेडियम ने 6-0 से जीत दर्ज की। पांचवा मुकाबला पौड़ी गढ़वाल व उत्तरकाशी के बीच हुआ। दोनों टीमों ने एक दूसरे पर 1-1 गोल दागे। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में मोहित रावत, अमित कटारिया, नीरज रावत, गोविंद लटवाल, सौरभ पटवाल, योगेश जोशी शामिल रहे। इस मौके पर स्टेडियम इंचार्ज संदीप डुकलान, तेजेंद्र रावत, महेश्वर नेगी, गबर सिंह, अमित कुमार आदि मौजूद रहे।

# राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा पर सिद्धबली में होगा विशेष अनुष्ठान व कीर्तन

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर श्री सिद्धबली मंदिर में भव्य अनुष्ठान का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए मंदिर को मनमोहक लाइट व फूलों से भी सजाया जाएगा। समिति के अध्यक्ष जेपी ध्यानी ने बताया कि 21 जनवरी को सुबह सात बजे से विशेष यज्ञ अनुष्ठान किया जाएगा। इसके बाद नौ बजे से तीन बजे तक संस्कृति विभाग की टीम आशु कला संगम के कलाकार विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ ही भजनों की प्रस्तुति देंगे। 22 जनवरी को सुबह अनुष्ठान व सुबह नौ बजे से सुंदरकांड का पाठ व 11 बजे से कीर्तन का आयोजन किया जाएगा। साथ ही दोपहर 12 बजे से एलईडी में अयोध्या राममंदिर प्राण प्रतिष्ठा का लाइव कार्यक्रम चलाया जाएगा। वहीं, शाम छः से सात बजे तक झंडाचौक में लेजर शो के माध्यम से राम मंदिर को लेकर पिछले पांच सौ वर्षों के संघर्ष दिखाया जाएगा।

# गढ़वाल विवि में फॉग मॉनिटरिंग स्टेशन की हुई स्थापना

श्रीनगर गढ़वाल : गढ़वाल विवि के भौतिकी विभाग में फॉग मॉनिटरिंग स्टेशन की स्थापना की गयी है। जिसका मुख्य उद्देश्य गढ़वाल घाटी के क्षेत्रों में होने वाले कोहरे के भौतिक-रासायनिक पहलू की जांच करना है। गढ़वाल विवि के भौतिकी विभाग के सहायक प्राचार्य डा. आलोक सागर गौतम ने बताया कि इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ ट्रॉपिकल मेट्रोलॉजी (आईआईटीएम) पुणे पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय भारत सरकार और गढ़वाल विश्वविद्यालय के भौतिकी विभाग के नेतृत्व में फॉग मॉनिटरिंग स्टेशन की स्थापना की गयी है। कहा कि गढ़वाल विवि के भौतिकी विभाग के सहयोग से वरिष्ठ वैज्ञानिक, आईआईटीएम पुणे डॉ. सचिन डी घुडे के नेतृत्व में शीतकालीन कोहरे के अवलोकन स्थल पर फॉग मॉनिटर (एफएम-120), दृश्यता मीटर, स्वचालित मौसम स्टेशन (एडब्ल्यूएस), पीएम 10, पीएम 2.5 सैंपलर जैसे विभिन्न अत्याधुनिक उपकरण स्थापित किए गए हैं। कहा कि उपकरणों की यह वेधशाला गढ़वाल घाटी में अब तक का पहला प्रयास है, जहां कोहरे का अवलोकन किया जा रहा है, जो कि कोहरे की प्रकृति और कारणों की व्यापक जांच करेगा। कहा कि पहाड़ी क्षेत्र में कोहरे के दौरान कम दृश्यता के कारण बढ़ती सड़क दुर्घटनाएं प्रमुख चिंता का विषय है। प्रारंभिक परिणामों से पता चलता है कि मैदानी क्षेत्रों में देखे जाने वाले कोहरे की तुलना में इस क्षेत्र में होने वाले कोहरे की प्रकृति उथली है। इस क्षेत्र में दृश्यता पैटर्न में उतार-चढ़ाव के साथ कोहरे की अवधि कम रहती है।

# सड़क खोदने पर ग्रामीणों ने जताई नाराजगी

जयन्त प्रतिनिधि। सतपुली : बहेड़ाखाल से रिगुंड दिउसा मोटर मार्ग पर जीओ निजी कम्पनी ने सड़क खोदकर मलबा बेतरतीब तरीके से फैला दिया है। जिससे आवाजाही करने वालों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

बहेड़ाखाल रिगुड निवासी प्रमोद सिंह नयाल ने इस संबंध में विभाग को अवगत कराया है। कहा कि एक निजी कम्पनी द्वारा सड़क पर बिना विभाग के अनुमति से सड़क पर गड्ढे खोदकर मलबा फैलाया जा रहा है, जिससे किसी भी प्रकार की अनहोनी घटना घटित हो सकती है। रोड की भयानक दुर्दशा हो चुकी है। ग्रामीण प्रमोद सिंह नयाल ने इस संबंध में लोनिवि पौड़ी के सहायक अभियंता माधवी कन्नौजिया को दूरभाष से जानकारी दी गई एवं उक्त कार्य की वीडियो भी भेजी गई, लेकिन अभी तक किसी प्रकार की सकारात्मक कार्रवाई नहीं हो सकी है। उन्होंने उचित कार्यवाही की मांग विभाग से की है। स्थानीय लोगों द्वारा भी कार्य को रोकने का प्रयास किया गया, लेकिन सम्बंधित ठेकादार द्वारा जबरन कार्य को करवाया जा रहा है। पौड़ी स्थित प्रांतीय खंड लोनिवि के सहायक अभियंता माधवी कन्नौजिया द्वारा बताया गया कि निजी कम्पनी द्वारा उक्त कार्य को लेकर किसी प्रकार की विभाग से कोई अनुमति नहीं ली गई है। बिना अनुमति के विभाग की सड़क पर हस्तक्षेप एवं निर्माण कार्य करना विभाग द्वारा अनुशासनात्मक कार्रवाई करने की हेतु सम्बंधित को निर्देशित किया जाएगा। उक्त कार्य पर अनिश्चित समय के लिए रोक लगा दी जाएगी।



कंपनी द्वारा खोदी गई सड़क

# स्मृति दिवस को विश्व शांति के रूप में मनाया



आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते ईश्वरीय विश्व विद्यालय के सदस्य

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय की ओर से प्रजापिता ब्रह्मा बाबा के 55वें स्मृति दिवस को विश्व शांति दिवस के रूप में मनाया गया। इस दौरान सदस्यों ने ब्रह्मा बाबा के बताए मार्ग पर चलने का भी संकल्प लिया।

नजीबाबाद रोड स्थित केंद्र सुख शांति भवन मिश्रा कॉलोनी में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वक्ताओं ने कहा कि ब्रह्मा बाबा एक सांसारिक मनुष्य जो कि हीरे जवाहरात के व्यापारी थे। लेकिन, उन्होंने स्वयं को पूरी तरह परमात्मा के लिए समर्पित कर दिया था। उन्होंने अपनी चल-अचल संपत्ति एक ट्रस्ट बनाकर बहनों को सौंप दी थी। उस समय संस्था का नाम ओम मंडली रखा गया था। अब यह ईश्वरीय विश्व विद्यालय के नाम से प्रसिद्ध है। यह बट वृक्ष की तरह 150 देशों में सेवा कर रहा है। आध्यात्मिक ज्ञान का प्रकाश फैला रहा है। कहा कि ब्रह्मा बाबा ने 18 जनवरी 1969 को अपनी देह त्याग दी थी। उनकी स्मृति में आज विश्व शांति दिवस के रूप में मनाई जा रही है। इस मौके पर केंद्र संचालिका ज्योति, मंडल अध्यक्ष हरि पुंडीर, संजीव कुमार द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

# ग्रामीणों ने दी लोकसभा चुनाव बहिष्कार की चेतावनी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : पाबौ ब्लाक के ग्रामसभा चैड़ मल्ला के ग्रामीणों ने सड़क सुविधा नहीं मिलने पर लोकसभा चुनाव के बहिष्कार की चेतावनी दी है। ग्रामीणों ने डीएम को ज्ञापन देकर जल्द ही सड़क सुविधा देने की मांग की है। नाराज ग्रामीणों का कहना है कि सड़क सुविधा नहीं होने से उनको हर रोज 4 किमी. पैदल दूरी नापनी पड़ती है। बताया कि उन्हें चैड तल्ला से पौड़ी आने के लिए 1500 की धनराशि खर्च करनी पड़ती है। उन्होंने इन दोनों मोटर मार्गों का मिलान करने की मांग की है, चेतावनी दी कि जल्द ही कार्रवाई नहीं होने पर वे लोकसभा चुनाव का बहिष्कार करने को मजबूर होंगे। वहीं, डीएम ने लोनिवि के एसई को तत्काल समस्या का निस्तारण करने के निर्देश दिए है।

गुरुवार को पाबौ ब्लाक के ग्रामसभा चैड़ मल्ला के ग्राम प्रधान सुनील चौहान के नेतृत्व में ग्रामीणों ने डीएम से मुलाकात की। इस दौरान ग्रामीणों ने बताया कि करीब 25 साल पहले उनके गांव के लिए पाबौ चैड़ तल्ला मोटर मार्ग स्वीकृत हुआ, लेकिन मोटर मार्ग का समरेखण बदलकर पाबौ-कोट-चैड़ तल्ला कर दिया गया, ग्राम कोटा तक तीन बार सड़क का डामरीकरण हो चुका है, लेकिन उससे आगे तक मोटर मार्ग अभी भी जीर्ण शीर्ण पड़ा हुआ है। बताया कि ग्राम चैड तल्ला से चैड मल्ला की दूरी 4 किमी. है, सड़क सुविधा नहीं होने से ग्रामीण परेशान है। बताया कि 2014 में सीकूखाल से कूलधार तक मोटर मार्ग का निर्माण किया गया, कूलधार से ग्राम चैड मल्ला की दूरी करीब 600 मीटर है और चैड तल्ला की दूरी 4 किमी. है। कहा कि उक्त दोनों सड़कों का मिलान नहीं होने से ग्रामीणों को कई परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इन दोनों सड़कों का मिलान नहीं होने से पाबौ ब्लाक मुख्यालय जाने के लिए पहले 4 किमी. पैदल दूरी नापकर चैड तल्ला जाना पड़ता है और फिर वहां से वाहन नहीं मिलने पर 4 किमी. की दूरी तय करनी पड़ती है। इस मौके पर बुद्धि सिंह, मनवर सिंह, आनंद सिंह, राकेश सिंह, रघुवीर, दिनेश, अरविंद, रिंकी, सीता, रीना, विजयलक्ष्मी, देवेश्वरी, उमा आदि शामिल थे। डीएम डा.आशीष चौहान ने लोनिवि के एसई को तत्काल समस्या का निस्तारण करने के निर्देश दिए है।

# डीएम ने ऊर्जा निगम के अधिकारियों को लगाई फटकार

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : जिला स्तरीय राजस्व संवर्धन एवं अनुश्रवण समिति की बैठक में जिलाधिकारी ने परिवहन विभाग को प्रवर्तन की कार्रवाई में तेजी लाने के निर्देश दिए। डीएम ने विद्युत विभाग के अफसरों को बिजली की चोरी को रोकने के लिए विभागीय स्तर की धीमी कार्रवाई पर कड़ी फटकार लगाते हुए तेजी लाने को कहा। उन्होंने आबकारी, वन विभाग, सिंचाई विभाग को राजस्व संवर्धन की कार्रवाई तय समय के भीतर पूरा करने के निर्देश दिए।

गुरुवार को एनआईसी कक्ष से वीसी के माध्यम से बैठक में जिलाधिकारी डा. आशीष चौहान ने विभागों को निर्धारित राजस्व प्राप्ति के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए।

डीएम ने परिवहन विभाग के अफसरों को पंजीकरण शुल्क से प्राप्त राजस्व की तुलना में प्रवर्तन शुल्क कम मिलने पर नाराजगी जताते हुए प्रवर्तन की कार्यवाही में तेजी लाने के निर्देश दिए।

डीएम ने खाद्य सुरक्षा विभाग को होटलों, ढाबों, मिष्ठानों की दुकानों में सैंपलिंग लेकर खाद्य सुरक्षा नियमों का उलंघन करने वालों पर सख्ती के साथ कार्रवाई करने को कहा।

# मंत्रोच्चारण के साथ हनुमान मंदिर में हुई मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार/सतपुली : सतपुली स्थित दंगलेश्वर महादेव मंदिर परिसर में बृहस्पतिवार को नवनिर्मित हनुमान मंदिर में हनुमान जी की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की गई। इस दौरान कीर्तन भी किया गया।

मधु गंगा एवं नायर नदी के संगम पर मूर्ति को नहला कर मंत्र उच्चारण के साथ मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा की गई। स्थानीय व्यापारी सोबन सिंह पुंडीर द्वारा अपने परिवारजनों की स्मृति में दंगलेश्वर मंदिर परिसर में हनुमान जी का भव्य मंदिर बनवाया गया है।

जिसमें बृहस्पतिवार को हनुमान जी की मूर्ति के प्राण प्रतिष्ठा के साथ ही विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस मौके पर बड़ी तादाद में दंगलेश्वर मंदिर पहुंची महिला श्रद्धालुओं ने कीर्तन एवं अन्य भक्तिमय प्रस्तुतियों से श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया। इस मौके पर दंगलेश्वर मंदिर समिति के अध्यक्ष त्रिलोक सिंह नेगी, व्यापार मंडल अध्यक्ष जयदीप नेगी, पूर्व शिक्षा विद गंगा सिंह बिष्ट, रणधीर सिंह नेगी, प्रेम सिंह रावत, जितेंद्र पुंडीर समेत बड़ी तादाद में श्रद्धालु मौजूद थे।



सतपुली में भजनों पर झूमते श्रद्धालु

# एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने किया कुलसचिव का घेराव

श्रीनगर गढ़वाल : हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विवि में एनटीए द्वारा आयोजित होने वाली सीयूईटी को लेकर छात्रों का आक्रोश थमने का नाम नहीं ले रहा है। गुरुवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने कुलसचिव कार्यालय का घेराव किया। इस दौरान आक्रोशित छात्रों ने कहा कि सीयूईटी को लेकर जल्द निर्णय नहीं लिया तो वह उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

गुरुवार को विद्यार्थी परिषद के केंद्रीय कार्यसमिति के सदस्य संदीप राणा के नेतृत्व में छात्र कुलसचिव कार्यालय पहुंचे। इस दौरान छात्र नेता संदीप राणा, प्रदेश सहमंत्री अमन पंत, जसवंत राणा ने कहा कि लम्बे समय सीयूईटी को रद्द कर गढ़वाल विवि से अपनी प्रवेश परीक्षा करवाये जाने की मांग की जा रही है। सीयूईटी को रद किये जाने की मांग को लेकर पिछले वर्ष आंदोलन भी किया गया। जिसके बाद विवि प्रशासन ने सीयूईटी के एवज में अपनी स्वयं की प्रवेश परीक्षा आयोजित करने का आश्वासन दिया था। लेकिन अभी तक गढ़वाल विवि सीयूईटी को लेकर निर्णय नहीं ले पाया है। कहा कि सीयूईटी परीक्षा होने के चलते पहाड़ के छात्र-छात्राओं को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। परीक्षा केंद्र देहरादून सहित अन्य राज्यों में होने के चलते छात्र परीक्षा देने से वंचित रह जाते हैं। उन्होंने कहा कि यदि विवि प्रशासन ने जल्द सीयूईटी रद्द कर अपनी प्रवेश परीक्षा कराने का निर्णय नहीं लिया तो वह आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। छात्र नेता संदीप राणा ने बताया कि 20 जनवरी को एकेडमिक काउंसिल की बैठक में सीयूईटी के मुद्दे पर चर्चा कर अंतिम फैसला लिये जाने का आश्वासन दिया गया है। इस अवसर पर महिपाल बिष्ट, हिमांशु भंडारी, एकता बिष्ट, अंकिता, आयुष कंडारी, अक्षितेष नैथानी, पवन, पीयूष नौटियाल, अमन रावत, तुषार शाह, साहिल, नितेश, अर्जुन आदि मौजूद थे। (एजेंसी)

# भारत को नशा मुक्त बनाने को लेकर रखे विचार

श्रीनगर गढ़वाल : हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विवि के हिंदी विभाग में विकसित भारत @2047 के अंतर्गत नशा मुक्त भारत समस्या और समाधान थीम पर कला संचार एवं भाषा संकाय के द्वारा एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में शिक्षकों, शोधार्थियों तथा छात्रों ने विकसित भारत 2047 के अंतर्गत भारत को नशा मुक्त बनाने को लेकर विचार रखे। इस अवसर पर कला संचार एवं भाषा संकाय की संकायाध्यक्ष प्रो. मंजुला राणा ने कहा कि विकसित भारत में युवाओं की भूमिका सुनिश्चित करने के लिए इस प्रकार का आयोजन प्रशंसनीय है, ऐसे मंचों के द्वारा ही युवा विकसित भारत में नशा के प्रति जागरूक होंगे। कार्यक्रम की शुरुआत में विषयवस्तु के संक्षिप्त परिचय के साथ लघु फिल्म और एक संगीतमय लघु फिल्म प्रदर्शित की गई। कार्यक्रम का संचालन शोध छात्रा पी. अंजली और शोध छात्र तरूण किशोर नौटियाल ने किया। इस मौके पर संस्कृत विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. कमला चौहान, प्रो. शकुंतला रैथाण, प्रो. गुड्डी बिष्ट, प्रो. मोनिका गुप्ता, प्रो. सुधांशु जयसवाल, डॉ. आशुतोष गुप्ता, डॉ. कपिल पंवार, डॉ. सविता मैठाणी, डॉ. रोहित कुमार, डॉ. अमित कुमार शर्मा आदि मौजूद थे। (एजेंसी)

# मलबा सड़क पर फैलाने से भड़के ग्रामीण

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : कल्जीखाल के बहेड़ाखाल से रिंगुड दिउसा मोटरमार्ग पर एक निजी कंपनी द्वारा लाइन बिछाने का काम करते हुए सड़क को खोदा जा रहा है और मलबा भी सड़क पर ही फैलाया जा रहा है। जिससे स्थानीय लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

बहेड़ाखाल रिंगुड निवासी प्रमोद सिंह नयाल ने बताया कि इन दिनों एक निजी कंपनी द्वारा लाइन बिछाने का काम करते हुए सड़क को खोदा जा रहा है और मलबा भी सड़क पर ही फैलाया जा रहा है, जिससे सड़क पर चलना जोखिम भरा हो गया है। कहा कि संबंधित विभाग को भी इसकी शिकायत की गई, लेकिन इसके बाद भी संबंधित विभाग द्वारा कोई कदम नहीं उठाए जा रहे है, जिससे ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। उन्होंने संबंधित विभाग व जिला प्रशासन से जल्द ही इस संबंध में कार्रवाई की मांग उठाई है।

# ग्रामसभा अमकोटी के ग्रामीण पेयजल किल्लत से परेशान

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : ग्रामसभा अमकोटी के ग्रामीण पेयजल किल्लत से परेशान है। ग्राम प्रधान ने बताया कि जल जीवन मिशन के तहत भी सभी घरों में कनेक्शन नहीं दिए जा रहे हैं। जिससे ग्रामीण प्राकृतिक स्रोत से पेयजल लाने को मजबूर हैं। उन्होंने जिला प्रशासन से गांव के सभी ग्रामीणों को जल जीवन मिशन के तहत कनेक्शन देने की मांग उठाई है।

अमकोटी की ग्राम प्रधान गुड्डी देवी ने बताया कि पिछले लंबे समय से उनके गांव में पेयजल किल्लत बनी हुई है। उनके गांव में भीषण गर्मी पड़ती है। गांव में इन दिनों जल जीवन मिशन के हर घर जल योजना के तहत पेयजल कनेक्शन लगाए जा रहे हैं, लेकिन अभी तक 34 में से 12 ही घरों में कनेक्शन लगाए गए हैं। जिससे ग्रामीणों को पेयजल किल्लत से जूझना पड़ रहा है। बताया कि कई बार संबंधित विभाग से शिकायत करने के बाद भी कोई सुनवाई नहीं हो रही है। उन्होंने जिला प्रशासन से उनके गांव में पेयजल किल्लत दूर करने की मांग उठाई है।

# पंचायत लोकतंत्र की मुख्य इकाई : बंगवाल

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : विकासखंड बीरोंखाल मुख्यालय में उत्तराखंड राज्य ग्राम स्वराज अभियान के तहत पंचायतीराज विभाग के तत्वाधन में त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधियों एवं रेखीय विभाग के कर्मियों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण गुरुवार को सम्पन्न हो गया।

मुख्य प्रशिक्षक उमांशकर बंगवाल ने बताया कि लोकतंत्र की मुख्य इकाई ग्रामसभा की पंचायत होती है। उन्होंने ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्यों को पंचायत से जुड़ी विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। मास्टर ट्रेनर बलराम रावत ने कहा कि खण्ड स्तर एवं न्याय पंचायत स्तर पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण में सभी जनप्रतिनिधियों एवं रेखीय विभाग के कर्मचारी ग्राम स्वराज अभियान के अंतर्गत चल रही ग्राम पंचायत विकास योजनाओं को धरातल पर उतार कर 2030 तक शत प्रतिशत विकास लक्ष्यों को पूरा कर सकें। इस अवसर पर ब्लाक प्रमुख राजेश कंडारी, प्रधान संघ अध्यक्ष ओमपाल बिष्ट, बीडीओ जयपाल सिहं पयाल, प्रोजेक्ट मैनेजर अंकुर बिष्ट, मास्टर ट्रेनर दयाल सिहं रावत, उमाशंकर बंगवाल आदि मौजूद थे।

# सांसद ने माँ धारी देवी मंदिर में की साफ-सफाई

श्रीनगर गढ़वाल : गढ़वाल सांसद तीरथ सिंह रावत ने सिद्धपीठ मां धारी देवी मंदिर में स्वच्छता अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने मां धारी देवी मंदिर में पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद लिया।

साथ ही सभी देशवासियों की खुशहाली की कामना की। गुरुवार को धारी देवी मंदिर प्रांगण में सांसद रावत ने झाड़ू लगाकर श्रमदान किया। इस दौरान उन्होंने अन्य लोगों को भी श्रमदान करने के लिए आगे आने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि भगवान श्री राम के प्राण प्रतिष्ठा होने तक देशभर के मंदिरों और तीर्थस्थलों में भाजपा कार्यकर्ताओं एवं आम जनमानस द्वारा साफ-सफाई अभियान का कार्य किया जायेगा।

## सम्पादकीय

# अरबपतियों का कसता शिकंजा

ऑक्सफेम ने अपनी रिपोर्ट में बताया है कि शीर्ष पांच अरबपतियों की संपत्ति 2020 के बाद से दोगुनी हो गई है। यानी जब कोरोना महामारी की मार से आम जन की अर्थव्यवस्था बिगड़ी, इन अरबपतियों के लिए ये आपदा एक बेहतरीन अवसर साबित हुई। अंतरराष्ट्रीय गैर–सरकारी संस्था ऑक्सफेम की इस बात के लिए तारीफ करनी होगी कि हर वर्ष जब स्विट्जरलैंड के शहर दावोस में दुनिया भर के आर्थिक एवं राजनीतिक कर्ता–धर्ता जुटते हैं, तो वह उन्हें आगाह करता है। वह बताता है कि ये कर्ता–धर्ता जिन नीतियों को आगे बढ़ा रहे हैं, वह सबकी खुशहाली लाने के अपने वायदे में लगातार फेल हो रही हैं। ऑक्सफेम तथ्यों के साथ बताता है कि इन नीतियों आर्थिक गैर–बराबरी को किस हद तक बढ़ा दिया है। इस संस्था ने अपनी ताजा रिपोर्ट में विश्व अर्थव्यवस्था पर अरबपतियों के बढ़ते शिकंजे पर रोशनी डाली है। उसने बताया है कि शीर्ष पांच अरबपतियों की संपत्ति 2020 के बाद से दोगुनी हो गई है। यानी जब कोरोना महामारी की मार से आम जन की अर्थव्यवस्था बिगड़ी, इन अरबपतियों के लिए ये आपदा एक बेहतरीन अवसर साबित हुई। ऑक्सफेम ने बताया है कि 2020 के बाद से अरबपतियों की संपत्ति और भी बढ़ गई है, जबकि दुनिया की 60 फीसदी आबादी की आय घट गई है। ऑक्सफेम की रिपोर्ट के मुताबिक दुनिया के शीर्ष पांच सबसे अमीर व्यक्तियों– इलॉन मस्क, बर्नार्ड अरनॉल्ट, जेफ बेजोस, लैरी एलिसन और मार्क जकरबर्ग– की संयुक्त संपत्ति साल 2020 के बाद 114 फीसदी या 464 अरब डॉलर से बढ़कर 869 अरब डॉलर हो गई है। ऑक्सफेम ने पाया कि एक अरबपति या तो बड़ी कंपनियां चलाता है या दुनिया की दस सबसे बड़ी कंपनियों में से सात में प्रमुख शेयरधारक होता है। एक अनुमान के मुताबिक शीर्ष 148 कंपनियों ने 1.8 ट्रिलियन डॉलर का मुनाफा कमाया, जो तीन साल के औसत से 52 प्रतिशत अधिक है। इससे शेयरधारकों को भारी रिटर्न मिला, जबकि लाखों श्रमिकों को जीवनयापन संकट का सामना करना पड़ा, क्योंकि महंगाई के कारण वास्तविक रूप से वेतन में कटौती हुई। ऑक्सफेम ने कहा है कि यह असमानता कोई संयोग नहीं है। बल्कि अरबपति वर्ग यह सुनिश्चित कर रहा है मौजूदा व्यवस्था अन्य सभी की कीमत पर उन्हें ज्यादा फायदा पहुंचाएं। यही कारण है कि जहां अरबों लोग महामारी, आर्थिक बदहाली, महंगाई और युद्ध की विभीषिका झेल रहे हैं, वहीं अरबपतियों की संपत्ति में उछाल आ रहा है।

## चुनावी मकसद से चर्चा?

बहुआयामी गरीबी सूचकांक को एक पूरक पैमाना ही माना गया है। जबकि कैलोरी उपभोग की क्षमता एवं प्रति दिन खर्च क्षमता दुनिया में व्यापक रूप से मान्य कसौटियां हैं, जिन्हें अब भारत में सिरे से नजरअंदाज कर दिया गया है। नीति आयोग ने कई महीने जारी अपनी रिपोर्ट को संभवतः फिर से चर्चा में लाने के लिए ताजा एक डिस्कसन पेपर तैयार किया है। इसे– मल्टीडाइमेंशनल पॉवर्टी इन इंडिया सिंस 2005–06 (भारत में 2005–06 के बाद से बहुआयामी गरीबी) नाम से जारी किया गया है। इसमें पहले वाली रिपोर्ट के इस निष्कर्ष को दोहराया गया है कि 2013–14 से 2022–23 (यानी मोदी सरकार के कार्यकाल में) तक 24 करोड़ 82 लाख लोगों को बहुआयामी गरीबी के पैमाने पर गरीबी से बाहर लाया गया। डिस्कसन पेपर में नई बात सिर्फ यह दावा है कि जिस एल्कायर एंड फॉस्टर (एएफ) विधि से यह रिपोर्ट तैयार की गई, वह वैश्विक रूप से गरीबी मापने का स्वीकृत फॉर्मूला है। जबकि कुछ अर्थशास्त्री इस विधि में मौजूद खामियों के बारे में हो चुके शोध निष्कर्षों का उल्लेख करते हुए उसके सटीक होने पर सवाल उठा चुके हैं।

# कांग्रेस 22 जनवरी को क्या करेगी?

**अजीत द्विवेदी**

अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के दिन 22 जनवरी को पूरे देश में दिवाली मनाई जाएगी। भाजपा, राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ और विश्व हिंदू परिषद ने इसके लिए पूरा जोर लगाया है। बड़े शहरों की कॉलोनियों में और छोटे शहरों के मुहल्लों व कस्बों में स्थित मंदिरों के जरिए इसका अभियान चलाया जा रहा है। घरों में अक्षत की पुड़िया और राममंदिर की तस्वीर पहुंचाने के साथ अनुरोध किया जा रहा है कि लोग घरों के बाहर दीये जलाएं और बिजली की लड़ियों से घरों को वैसे ही सजाएं, जैसे दिवाली में सजाते हैं। दिल्ली में तो यह प्रस्ताव भी दिया जा रहा है कि अगर लोग खुद बिजली–बत्ती नहीं लगवा सकते हैं तो आरडब्लुए या स्थानीय मंदिर की ओर से एक निश्चित रकम के बदले तीन दिन के लिए घरों की सजावट कराई जा सकती है। दिवाली की तरह आतिशबाजी की भी तैयारी हो रही है।

हो सकता है दक्षिण भारत में इस प्रचार का असर कुछ कम देखने को मिले लेकिन यह तय है कि समूचे उत्तर भारत में 22 जनवरी को दिवाली मनाई जाएगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दिन में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम में शामिल होंगे तो शाम में दिवाली मनाते हुए उनकी तस्वीर मीडिया और सोशल मीडिया में वायरल होगी। सारे केंद्रीय मंत्री और भाजपा शासित राज्यों के नेताओं की भी तस्वीरें वायरल होंगी। कुछ विपक्षी पार्टियों ने भी अपनी योजना बनाई है। जैसे नवीन पटनायक की पार्टी पुरी परिक्रमा पथ पर हर दिन 10 हजार लोगों से परिक्रमा करा रही है तो अरविंद केजरीवाल की पार्टी ने सुंदरकाड का पाठ शुरू कराया है। सवाल है कि उस दिन कांग्रेस क्या करेगी? क्या कांग्रेस ने कोई योजना बनाई है? राहुल गांधी की यात्रा चल रही होगी और वे 22 जनवरी को पूर्वोत्तर में ही होंगे लेकिन क्या वे वहां किसी मंदिर में जाएंगे? पिछली भारत जोड़ो यात्रा के दौरान वे धार्मिक स्थलों का दौरा करते हुए आगे बढ़े थे।

वे 22 जनवरी को जहां हो वहां अगर किसी मंदिर में जाते हैं या उनकी पार्टी यात्रा के रूट में कहीं कोई धार्मिक कार्यक्रम आयोजित करती है तो वे कांग्रेस के हिंदू विरोधी और रामद्रोही होने के प्रायोजित अभियान का कुछ हद तक जवाब दे पाएंगे।

ध्यान रहे शिव सेना के नेता उद्धव ठाकरे ने तय किया है कि वे अपनी पार्टी के सभी नेताओं को लेकर नासिक जाएंगे और कालाराम मंदिर में पूजा अर्चना करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विपक्षी पार्टियों के हर कदम पर कितनी बारीक नजर रखे हुए हैं यह इससे पता चलता है कि जैसे ही उन्हें जानकारी मिली की उद्धव ठाकरे 22 जनवरी को नासिक के कालाराम मंदिर में जाएंगे वैसे ही प्रधानमंत्री का वहां जाने का कार्यक्रम बन गया। प्रधानमंत्री मोदी 12 जनवरी को देश के सबसे बड़े समुद्री पुल का उद्घाटन करने मुंबई गए तो उससे पहले नासिक चले गए और कालाराम मंदिर में झाड़ू लगाई, पूजा अर्चना की और बैठ कर झाल–मंजीरा बजाया। ऐसी मान्यता है कि भगवान राम अपने वनवास के समय नासिक में उसी जगह रूके थे, जहां कालाराम मंदिर है।

बहरहाल, उद्धव ठाकरे ने तो अपना कार्यक्रम तय कर लिया है। वे नासिक के कालाराम मंदिर में जाएंगे और भगवान राम के वनवास की तरह अपने और शिव सेना के वनवास का मैसेज बनवाएंगे और भावनात्मक कार्ड खेलेंगे। बीजू जनता दल और आम आदमी पार्टी का कार्यक्रम भी तय है। लेकिन क्या कांग्रेस के पास ऐसी कोई योजना है? कांग्रेस की उत्तर प्रदेश कमेटी के नेता 15 जनवरी को रामलला की पूजा करने अयोध्या गए। लेकिन यह पता नहीं है कि वे 22 जनवरी को क्या करेंगे? ध्यान रहे उस दिन सोनिया व राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा पर सबकी नजर रहेगी। प्रियंका गांधी वाड्रा मंदिरों में जाती हैं और पारंपरिक तरीके से पूजा–पाठ करती हैं। उनका मंदिर जाना बहुत स्वाभाविक दिखता है। इसलिए वे 22 जनवरी को अगर किसी राममंदिर में जाएं तो कांग्रेस व अपने परिवार की ओर से रामभक्तों को बड़ा मैसेज दे सकती हैं।

कांग्रेस के साथ बड़ी समस्या यह है कि उसके पास कोई ऐसा नेता नहीं है, जिसके चेहरे से वह व्यापक हिंदू समाज को अपनेपन या भावनात्मक जुड़ाव का मैसेज दे सके। ऐसा लग रहा है कि कांग्रेस पूरी तरह से अपने पारंपरिक स्वरूप को छोड़ चुकी है। एक समय था, जब कांग्रेस में हर विचारधारा के लोग होते थे। अगर साम्यवादी और समाजवादी सोच वाले नेता थे तो दक्षिणपंथी व धार्मिक विचारधारा के भी नेता होते थे। इससे पार्टी सैद्धांतिक मामलों में संतुलन बनाने में कामयाब रहती थी। आजादी की लड़ाई में भी कांग्रेस के अंदर वैचारिक भिन्नता बहुत साफ दिखती थी। महात्मा गांधी रामराज्य की बात करते थे और घनघोर धार्मिक प्रवृत्ति के थे तो नेताजी सुभाष चंद्र बोस और जवाहरलाल नेहरू जैसे नेता प्रगतिशील, समाजवादी और कुछ हद तक साम्यवादी सोच के प्रतिनिधि चेहरे थे। मदन मोहन मालवीय से लेकर राजगोपालाचारी, गोविंद वल्लभ पंत, लाल बहादुर शास्त्री, राजर्षि पुरुषोत्तम दास टंडन जैसे अनेक नेता हिंदू भावनाओं का प्रतिनिधित्व करने वाले थे। कुछ समय पहले तक कांग्रेस में इस धारा के नेता मौजूद रहे। लेकिन अब कांग्रेस में ऐसा कोई नेता नहीं बचा है या बचा है तो उसे कुछ भी बोलने या स्टैंड लेने की आजादी नहीं है।

जिस तरह से भाजपा पूरी तरह से कट्टर दक्षिणपंथी पार्टी बन गई है और एक भी नेता ऐसा नहीं है, जो मध्यमार्ग की बात कर सके तो दूसरी ओर कांग्रेस पूरी तरह से वामपंथी रंग में रंग गई है, जिसमें कोई भी राइट टू सेंटर यानी मध्यमार्ग से दक्षिणपंथ की ओर झुकाव वाला नेता नहीं बचा है। अगर कोई बचा है तो उसको भाजपा या संघ के एजेंडे के तौर पर मार्क किया जा चुका है। यह कांग्रेस के लिए बहुत आत्मघाती स्थिति है। उसे तत्काल कुछ उदार और दक्षिणपंथी नेताओं की जरुरत है ताकि पार्टी की सोच और उसकी गतिविधियों में संतुलन बने। ध्यान रहे अमेरिका से लेकर यूरोप और अफ्रीका से लेकर लैटिन अमेरिका तक दक्षिणपंथी राजनीति का रूझान बढ़ रहा है। जनता आधुनिक समय की मुश्किलों और अनिश्चितताओं की वजह से अरक्षित महूसस कर रही है और धार्मिकता की ओर उसका रूझान बढ़ रहा है। इसलिए दुनिया भर की पार्टियां अब कट्टर वैचारिकी वाले नेताओं की जगह लचीले नेताओं को आगे बढ़ा रही हैं ताकि धार्मिक जनता के मन में उस पार्टी के प्रति दुराव का भाव नहीं पैदा हो। नेता खुद भी अपनी सोच और नीतियों में लचीलापन दिखा रहे हैं।

एक मिसाल अभी फ्रांस में देखने को मिली, जहां राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने अपनी सरकार में फेरबदल की है। उन्होंने तीन ऐसे नेताओं को मंत्रिमंडल में शामिल किया है, जो उनकी पार्टी के अंदर कट्टर दक्षिणपंथी राजनीति के लिए जाने जाते हैं। इनमें से एक को उन्होंने संस्कृति मंत्री बनाया है, दूसरे को श्रम व स्वास्थ्य मंत्री और तीसरे को शिक्षा मंत्री बनाया है। फ्रांस में कट्टर दक्षिणपंथी सोच वाले नेताओं को संस्कृति और शिक्षा जैसे मंत्रालय देने के मैक्रों को फैसले से समूचे यूरोप की बदलती राजनीति को समझा जा सकता है।

कांग्रेस के सामने एक मॉडल टोनी ब्लेयर का है, जिसके बारे में बहुत लिखा जा चुका है। लोग कितनी बार कांग्रेस और राहुल को समझा चुके हैं कि जिस तरह ब्लेयर ने न्यू लेबर का नारा दिया और कंजरवेटिव पार्टी से बिल्कुल कंट्रास्ट की राजनीति करके अपनी पार्टी को सत्ता में ले आए उसी तरह से राहुल को न्यू कांग्रेस का नारा देना चाहिए। उन्होंने वही किया है। सोशल सेक्टर में काम करने वाले और वामपंथी बुद्धिजीवियों की संगत की है और उनके हिसाब से कांग्रेस को भाजपा के कंट्रास्ट में खड़ा करने की कोशिश की है। लेकिन यह मॉडल भारत में चल नहीं रहा है क्योंकि भारत में नरेंद्र मोदी ब्रांड राजनीति का चस्का लोगों को अभी लगा है, जबकि ब्रिटेन में मारग्रेट थैचर और जॉन मेजर लंबे समय तक कंजरवेटिव राजनीति करते रहे थे। इसलिए राहुल के सामने दूसरा मॉडल इमैनुएल मैक्रों का है।

कांग्रेस को चाहिए कि पार्टी के अंदर मध्यमार्गी या दक्षिणपंथी विचार वाले नेताओं को जगह दे और उनकी बात सार्वजनिक स्पेस में रखने की इजाजत दे। यह सुनिश्चित करे कि उन्हें भाजपा और संघ का एजेंट नहीं कहा जाएगा। इसका भी लाभ तत्काल नहीं मिलेगा लेकिन इससे कांग्रेस की छवि बदलनी शुरू होगी। भाजपा का कंट्रास्ट बनाने की बजाय कांग्रेस को उसका विकल्प बनना है। दोनों की आर्थिक नीतियों में तो कोई फर्क है नहीं इसलिए सामाजिक नीतियों में अगर कांग्रेस अपने को बदलेगी तो उसको फायदा होगा।

# भारतीय राजनीति में कलंक दोष

**अजय दीक्षित**

अहं जब सिर चढ़कर बोलता है तो आदमी को अपनी जीत पर उतनी खुशी नहीं होती जितनी दूसरे की हार पर होती है । भारतीय राजनीति में आज लगभग यही हो रहा है । हाल में बहुजन समाज पार्टी और सपा के बीच मायावती और अखिलेश का जो वाक युद्ध चला वह इसी बात का संकेत कर रहा है । मध्यप्रदेश में यदि कांग्रेस चार–छः सीटें समाजवादी पार्टी को दे देती तो शायद सपा सपोर्टरों का वोट कांग्रेस को मिल जाता और वह ज्यादा सीटें जीत सकती थी । उसकी सरकार बनती या नहीं, यह दूसरी बात है । पर यदि सपा और कांग्रेस मिलकर मध्य प्रदेश में चुनाव लड़ते तो शायद संभावना थी कि कांग्रेस का मुख्यमंत्री बन जाता । खैर, अब भाजपा को जब निश्चय है कि वह सन् 2024 का लोकसभा चुनाव जीत रही है तो क्यों कर वह विपक्ष को पूरी तरह बदनाम करने पर



लगी है । कांग्रेस यदि रामलला के कार्यक्रम में नहीं जा रही है तो वे हिन्दू विरोधी कैसे हो गये ? हिन्दू धर्म मात्र प्रभु राम तक सीमित नहीं है । सगुण भक्ति में बहुत से संत मात्र कृष्ण भक्त हैं । दक्षिण में शैव भक्त ज्यादा हैं, उनके लिए शिव ही प्रधान हैं। बंगाल और पूर्व में शाक्त ज्यादा हैं । उनके लिए दुर्गा ही प्रधान नहीं ।

जो ईश्वर की सत्ता को नहीं मानते, वे भी हिन्दू हैं। छः दर्शनों में सांख्य और मीमांसा ईश्वर की सत्ता को नहीं मानते । पाणिनी वैयाकरण के स्फोट को ईश्वर मानता है । चार्वक कहता है जब तक जियो ऋण लेकर घी पियो–– यावत् जीवते ऋणं कृत्वा धृत्म् पीवते । बौद्ध बुद्धु को एक मात्र ईश्वर मानते हैं । जैन महावीर को एक मात्र ईश्वर मानते हैं ।

कहावत है कि डाकुओं ने एक राजा को बलि देने से छोड़ दिया था क्योंकि उसका अंग–भंग हो चुका था । पूर्ण मानव कौन है ? जो सोलह संस्कारों को नहीं मानता, या अग्नि के सामने ली जाने वाली शपथ को नकारता है, उसको कैसे परिभाषित करेंगे ?

हर बात पर और हर किसी के कथन पर भाजपा प्रवक्ताओं की प्रतिक्रिया से कम से कम देश को बुद्धिजीवी वोटर तो इसे ठीक नहीं मानते । यूं सभी राजनैतिक दलों की दृष्टि में यह बुद्धिजीवी अल्पसंख्या में हैं और उनके वोट मिले या न मिलें इससे उन्हें कोई फर्क नहीं पड़ता । माननीय प्रधानमंत्री ने अपने मंत्रियों को सलाह दी है कि आक्रमक न बनें, भक्ति और श्रद्धा दिखलायें । परन्तु भाजपा के कुछ मंत्री गण व लगभग सभी प्रवक्ता आक्रमकता की भूमिका में हैं । 22 तारीख का कार्यक्रम स्वयं केन्द्र और राज्य की सरकारें उसे सरकारी (या कहें भाजपा का) कार्यक्रम बना रही हैं । फैजाबाद के लिए (जो अब अयोध्या छात्र हैं) 10 दिन तक सभी ट्रेनें रद्द रहेंगी। उत्तर प्रदेश में 22 जनवरी को सार्वजनिक अवकाश रहेगा । केन्द्र के उड्डयन विभाग की ओर से निर्देश है कि 22 तारीख के आसपास वाल्मीकि एयरपोर्ट (फैजाबाद एयरपोर्ट ) पर सामान्य फ्लाइटें नहीं आयेंगी । अयोध्या में केवल इन्वाइटी ही प्रवेश कर सकेंगे? संविधान की कौन सी धारा या कानून कहता है कि आप स्वतंत्र विचरण नहीं कर सकते । प्राण प्रतिष्ठा के समय गर्भगृह में मात्र मोदी जी व पुरोहित रहेंगे । आगुन्तकों के ठहरने, भोजन, विश्राम, आवागमन की व्यवस्था उत्तर प्रदेश सरकार कर रही है ।

# अब पाक ने इरान पर किया अटैक, एयरस्ट्राइक कर बलूच आतंकी ठिकानों को किया तबाह

इस्लामाबाद ,ईरान के हमले पर पाकिस्तनी सेना ने अब पलटवार किया है। खबर है कि पाकिस्तानी वायु सेना ने पूर्वी ईरान में सरवन शहर के पास, पाकिस्तान की सीमा से सटे सिस्तान और बलूचिस्तान प्रांत में लगभग 20 मील की दूरी पर एक बलूच आतंकवादी समूह पर कई हवाई हमले किए हैं। पाकिस्तानी मीडिया में यह जानकारी देते हुए बताया गया कि इस हमले के बाद आतंकियों के ठिकाने पर भीषण आग लग गई, जिससे आसपास के इलाके में काफी धुआं फैल गया। हालांकि ईरान की तरफ से इन हमलों की कोई पुष्टि नहीं की गई है।जानकारी के मुताबिक, पाकिस्तान ने ईरान में बलूच लिबरेशन आर्मी और बलूच लिबरेशन फ्रंट के ठिकानों को निशाना बनाया। इसने पाकिस्तानी एयरफोर्स की इस एयर स्ट्राइक के बाद का एक कथित फुटेज भी जारी किया है, जिसमें वहां एक बड़ा का गड्ढा बना दिख रहा है।वीडियो में वहां घटनास्थल पर कई लोग टॉर्च लेकर खड़े दिख रहे हैं। दरअसल ईरान द्वारा पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत में सुन्नी



आतंकवादी समूह जैश-अल-अदल के ठिकानों पर मिसाइल और ड्रोन हमले किए जाने से पाकिस्तान खासा नाराज है। उसने इन हमलों के अगले दिन बुधवार को ईरान से अपने राजदूत को वापस बुला लिया था और इसके साथ सभी उच्च स्तरीय द्विपक्षीय यात्राएं सस्पेंड कर दी थी। आतंकवादी संगठन जैश-अल-अदल के दो अड्डों पर मिसाइलें दागी गई। इस हमले से भड़के पाकिस्तान के विदेश कार्यालय ने कहा था, 'पिछली रात ईरान द्वारा बिना उकसावे के पाकिस्तान की संप्रभुता का खुल्लमखुल्ला उल्लंघन किया जाना अंतरराष्ट्रीय कानून तथा संयुक्त राष्ट्र के चार्टर के उद्देश्यों एवं सिद्धांतों का उल्लंघन है।

## पाकिस्तान और ईरान में टेंशन बढ़ी, राजदूत छोड़ेंगे देश-चीन ने दी नसीहत

इस्लामाबाद , ईरान के साथ तनाव के बीत पाकिस्तान ने ईरान के एम्बेसेडर को देश छोड़ने का फरमान जारी कर दिया है। इसके अलावा तेहरान में मौजूद अपने राजदूत को भी फौरन वापस आने को कहा गया है। वैसे ईरान का कोई हाईलेवल डिप्लोमैट इस वक्त पाकिस्तान में नहीं है। विदेश कार्यालय की प्रवक्ता मुमताज जहरा बलूच ने कहा कि पाकिस्तान ने ईरान से अपने राजदूत को वापस बुलाने का फैसला लिया है। साथ ही कहा कि ईरानी राजदूत को देश छोड़कर जाना होगा। आने वाले दिनों में होने वाली उच्चस्तरीय बैठकों को रद्द कर दिया गया है।

ईरान और पाकिस्तान के इस मौजूदा घटनाक्रमों पर अब चीन की एंट्री भी हो गई है। चीन ने दोनों देशों से संयम बरतने को कहा है। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता माओ निंग ने कहा कि हम दोनों पक्षों से संयम बरतने, तनाव और उकसावे वाली किसी भी कार्रवाई से बचने और शांति एवं स्थिरता बनाए रखने के लिए काम करने को कहा।

उल्लेखनीय है कि पाकिस्तान में आतंकी संगठन जैश अल-अदल के ठिकानों पर ईरान की एयरस्ट्राइक से पाकिस्तान भड़का हुआ है। इस हमले के बाद पाकिस्तान ने ईरान में मौजूद अपने राजदूत को वापस बुला लिया है।

## पाकिस्तान पर हुए ईरानी हमले को लेकर भारत ने कहा, आत्मरक्षा की कार्रवाई को समझें

नई दिल्ली , भारत ने आतंकवाद के प्रति अपने शून्य-सहिष्णुता के रुख को दोहराते हुए कहा कि पाकिस्तान में एक आतंकवादी संगठन के ठिकानों पर ईरानी हमले दोनों देशों के बीच का मामला है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जयसवाल ने कहा, यह ईरान और पाकिस्तान के बीच का मामला है। जहां तक भारत का सवाल है, हम आतंकवाद के प्रति बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं करते। हम समझते हैं कि देश अपनी रक्षा के लिए क्या कार्रवाई करते हैं।

ईरान की मिसाइलों ने पाकिस्तान में आतंकी संगठन जैश अल-अदल के दो ठिकानों पर हमला किया है। आतंकी संगठनों ने इससे पहले ईरान-पाकिस्तान सीमा के पास ईरानी सुरक्षा बलों पर हमला किया था। पाकिस्तान ने कहा कि मंगलवार को पड़ोसी देश ईरान के हमलों में दो बच्चों की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए।

ईरान ने कहा कि उसने आतंकवादी समूह जैश अल-अदल से जुड़े दो ठिकानों को निशाना बनाया। इराक और सीरिया के बाद पाकिस्तान तीसरा देश है, जो पिछले कुछ दिनों में ईरानी हमले का शिकार हुआ है।

# गाजा में 3 इजरायली सैनिकों की मौत, मृतकों की संख्या 193 हुई

तेल अवीव ,इजरायली रक्षा बलों ने गाजा में हमास के खिलाफ चल रहे युद्ध में तीन सैनिकों की मौत की घोषणा की है, जिससे जमीनी हमले में मारे गए सैनिकों की कुल संख्या 193 हो गई है।

सेना ने मृत सैनिकों की पहचान मास्टर सार्जेंट जकर्याह पेसाच हैबर (32), सार्जेंट मेजर यायर काट्ज (34) और स्टाफ सार्जेंट उडिया आयिमलक गोशेन (21) की रूप में की गई है।

हैबर और काट्ज को 14वीं बख्तरबंद ब्रिगेड की 87वीं बटालियन के साथ तैनात किया गया था, गोशेन गिवती ब्रिगेड की टोही इकाई से संबंधित थे।

गोशेन और हैबर यरूशलेम से थे और काट्ज होलोम से थे। आईडीएफ के अनुसार, हेबर और काट्ज दोनों उत्तरी गाजा में मारे गए, जबकि गोशेन की दक्षिणी गाजा में मौत हो गई।

सेना ने यह भी कहा कि दो अन्य रिजर्व सैनिक गंभीर रूप से घायल हो गए। उत्तरी



गाजा में लड़ाई के दौरान और दूसरा इजरायल में गाजा सीमा के करीब लड़ाई के दौरान घायल हुआ था।

इजरायली सेना के अनुसार, 27 अक्टूबर, 2023 को जमीनी हमले की शुरुआत के बाद से भीषण युद्ध में कम से कम 1,152 सैनिक घायल हुए हैं।

# 50 फीसदी से अधिक छात्र गणित के प्रश्न सुलझाने में असमर्थ

नई दिल्ली ,ग्रामीण क्षेत्रों में 50 प्रतिशत से अधिक युवा गणित के सामान्य सवाल हल करने में पिछड़ते हैं। 14 से 18 आयु वर्ग के 25 प्रतिशत छात्र ऐसे हैं, जो कक्षा दो की क्षेत्रीय भाषा की पुस्तक पढ़ने में असमर्थ हैं। इसके साथ ही करीब 43 प्रतिशत छात्र अंग्रेजी के वाक्य पढ़ने में असमर्थ हैं। यह जानकारी 'वार्षिक शिक्षा स्थिति रिपोर्ट (असर) 2023' में दी गई है। वहीं 90 प्रतिशत से अधिक युवा स्मार्टफोन और सोशल मीडिया का इस्तेमाल करते हैं। भारत में सरकारी स्कूलों में शिक्षा के स्तर को बताने वाली यह रिपोर्ट 'असर 2023' जारी की गई है।

'असर' रिपोर्ट के लिए 26 राज्यों के 28 जिलों में 14 से 18 आयु वर्ग के 34745 बच्चों पर सर्वेक्षण किया है। असर के मुताबिक, देशभर में 86.8 प्रतिशत बच्चो ने शैक्षणिक संस्थानों में दाखिला लिया है। हालांकि आयु के अनुसार नामांकन में कुछ अंतर है इसके मुताबिक, 14 वर्ष के 3.9 प्रतिशत और 18 वर्ष के 32.6 प्रतिशत युवाओं का किसी शैक्षणिक संस्थान में दाखिला नहीं है और वे पढ़ाई नहीं कर रहे हैं। जबकि 14 साल के 96.1 फीसदी छात्रों ने शैक्षणिक संस्थानों में प्रवेश लिया था। 18 की आयु में यह प्रतिशत गिरकर 67.4 फीसदी हो गया। यानी की 14 से 18 वर्ष की आयु के बीच बड़ी संख्या में स्कूल ड्रॉप आउट हुआ है।

वहीं रिपोर्ट के मुताबिक, स्टेम एरिया यानी साइंस, इंजीनियरिंग, टेक्नोलॉजी व मैथ्स में अब लड़कों का रुझान बढ़ रहा है। देश में 36.3 फीसदी लड़के इन विषयों में पढ़ाई कर रहे हैं। जबकि लड़कियां का यहां आंकड़ा महज 28.1 फीसदी है। हालांकि, उच्च शिक्षा में ओवरऑल लड़कियां आगे हैं। 14 से 18 आयु वर्ग में सबसे अधिक छात्र कला या मानविकी स्ट्रीम में पढ़ाई करते हैं। कक्षा 11 व 12 के 54 फीसदी छात्र कला और मानविकी में, 9.3 फीसदी वाणिज्य और 33.7 फीसदी ने विज्ञान में अपना नामांकन कराया है। रिपोर्ट के अनुसार अंग्रेजी और गणित में लड़के, लड़कियां से बेहतर रहे हैं शिक्षा मंत्रालय कौशल विकास पर काफी जोर दे रहा है लेकिन स्कूलों में कौशल विकास आधारित कोर्स छात्रों के बीच लोकप्रिय नहीं हैं। रिपोर्ट बताती है कि केवल 5.6 प्रतिशत युवा ही प्रोफेशनल कोर्स में दाखिला ले रहे हैं। हालांकि उच्च शिक्षा में तस्वीर कुछ बेहतर है, यहां 16.2 प्रतिशत छात्रों ने सामान्य पढ़ाई के साथ-साथ प्रोफेशनल कोर्स में दाखिला लिया है।

## केंद्र ने कश्मीर चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री की जांच के आदेश दिए

श्रीनगर ,केंद्र सरकार ने कश्मीर चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (केसीसीआई) के मामलों की जांच के आदेश दिए हैं।

अधिकारियों ने कहा कि केंद्र सरकार और कॉर्पोरेट मामलों के महानिदेशक (डीजीसीए) ने कंपनी रजिस्ट्रार, श्रीनगर को केसीसीआई के मामलों की जांच करने का निर्देश दिया है।कंपनियों के रजिस्ट्रार सैयद हामिद बुखारी के साइन किए गए एक नोटिस में कहा गया है, कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 206 (4) के आधार पर कंपनी को 15 दिनों की अवधि के भीतर जानकारी और दस्तावेज प्रस्तुत करने का आदेश दिया जाता है।जानकारी के मुताबिक, केसीसीआई को पिछले 5 से 6 वर्षों के बोर्ड बैठक विवरण, बैंक विवरण और सभी खाता विवरण, डोनेशन का विवरण और धन के स्रोत के अलावा पदाधिकारियों के बारे में जानकारी मुहैया कराने को कहा गया है।

## भारी बर्फबारी के बीच ओस्लो हवाईअड्डा बंद

ओस्लो , भारी बर्फबारी के कारण नॉर्वे की राजधानी क्षेत्र में ओस्लो का मुख्य हवाई अड्डा बंद है। बर्फबारी के चलते परिवहन के अन्य साधन भी बुरी तरह बाधित हैं। ओस्लो हवाई अड्डे से सभी प्रस्थान दोपहर एक बजे तक रोक दिए गए थे। दोपहर को लैंडिंग भी बंद हो गई। हवाईअड्डे के संचालक एविनोर के संचार प्रबंधक कैथरीन फ्रैमहोल्ट के हवाले से कहा गया है कि हवाईअड्डे के कई घंटों तक बंद रहने की आशंका है, क्योंकि बर्फबारी इतनी तेज थी कि कुछ भी दिखाई नहीं दे रहा था। नॉर्वेजियन मौसम विज्ञान संस्थान ने ओस्लो सहित पूर्वी तटीय क्षेत्रों में बहुत भारी बर्फबारी और तेज हवा की चेतावनी देते हुए कहा है कि मौसम देर रात तक बने रहने की संभावना है। देश के रेलवे ऑपरेटर बैन नोर ने घोषणा की है कि पूर्वी नॉर्वे में सभी ट्रेन सेवाएं अगली सूचना तक रद्द कर दी गई हैं।

## पश्चिम बंगाल शिक्षक भर्ती घोटाले में ईडी की बड़ी कार्रवाई, बिचौलिए प्रसन्ना रॉय के ठिकानों पर छापेमारी

नई दिल्ली , पश्चिम बंगाल में बहुचर्चित शिक्षक भर्ती घोटाला मामले में प्रवर्तन निदेशालय ने एक बार फिर कार्रवाई करते हुए घोटाले के बिचौलिए प्रसन्ना रॉय से संबंधित कई ठिकानों पर गुरुवार की सुबह छापेमारी की। ये छापेमारी पश्चिम बंगाल के बालाका अबासन में की जा रही है। जानकारी के अनुसार, रॉय के न्यूटाउन घर और कार्यालय की तलाशी ली जा रही है। रॉय को 2022 में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने गिरफ्तार किया था। बाद में, उन्हें सुप्रीम कोर्ट ने जमानत दे दी थी।

आरोप था कि रॉय एसएससी भर्ती सलाहकार समिति के प्रमुख शांति प्रसाद सिंह के करीबी थे। कथित तौर पर केंद्रीय जांच एजेंसी को दो कथित भर्ती भ्रष्टाचार मामलों की जांच के दौरान उनका नाम मिला। पिछले साल दिसंबर में प्रवर्तन




निदेशालय ने शिक्षक भर्ती घोटाला मामले में कोलकाता में नौ स्थानों पर छापेमारी की थी। घोटाले के मामले से जुड़े चार्टर्ड अकाउंटेंट, व्यापारियों और अन्य लोगों सहित कई व्यक्तियों के आवासों और कार्यालयों की तलाशी ली गई।

भर्ती घोटाले ने पूर्व शिक्षा मंत्री पार्थ चटर्जी और कई तृणमूल पदाधिकारियों और राज्य शिक्षा विभाग के अधिकारियों को सलाखों के पीछे पहुंचा दिया। कोलकता उच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेश के बाद ईडी और सीबीआई दोनों कथित अनियमितताओं की जांच कर रहे हैं। हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने शिक्षक भर्ती 'घोटाला' मामले में कथित अनियमितताओं के सिलसिले में जेल में बंद टीएमसी विधायक माणिक भट्टाचार्य की जमानत की मांग वाली याचिका पर प्रवर्तन निदेशालय से जवाब मांगा है। न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी और न्यायमूर्ति एससी शर्मा की पीठ ने पिछले शुक्रवार को ईडी को नोटिस जारी किया और भट्टाचार्य द्वारा उनकी जमानत याचिका खारिज करने के 16 नवंबर के कलकत्ता उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देने वाली अपील पर जवाब मांगा।

# विजयवाड़ा में अंबेडकर की 206 फीट ऊंची प्रतिमा का किया जाएगा अनावरण

विजयवाड़ा , आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री वाई.एस. जगन मोहन रेड्डी डॉ. बी.आर. अम्बेडकर की 206 फीट ऊंची प्रतिमा का शुक्रवार को विजयवाड़ा में अनावरण करेंगे। अंबेडकर स्मृति वनम में 81 फीट ऊंचे आसन पर स्थापित 125 फीट ऊंची मूर्ति, दुनिया की सबसे ऊंची अंबेडकर प्रतिमा है। यह प्रतिमा ऐतिहासिक स्वराज मैदान में स्थापित की गई है। मुख्यमंत्री ने लोगों से प्रतिमा के अनावरण समारोह में स्वेच्छा से शामिल होने की भावनात्मक अपील की है। उन्होंने इस प्रतिमा को सामाजिक न्याय की सबसे बड़ी मूर्ति बताया, जो न केवल राज्य बल्कि देश के ताज में एक बेहतरीन रत्न के रूप में स्थापित है।

भारतीय संविधान के निर्माता को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए, जगन मोहन रेड्डी ने कहा कि दूरदर्शी का आकाश जैसा विराट व्यक्तित्व और सौ साल पहले व्यक्त किए गए उनके सुधार-उन्मुख विचार देश के सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक इतिहास को प्रभावित और बदलते रहेंगे।

उन्होंने कहा,प्रतिमा को बड़ी जिम्मेदारी के साथ स्थापित किया गया है क्योंकि सरकार उनकी विचारधारा में पूर्ण विश्वास के साथ नवरत्नालु कल्याण योजनाओं को लागू कर रही है। डॉ. अंबेडकर ने शिक्षा को उत्पीड़ित वर्गों के करीब ले जाते हुए अस्पृश्यता के खिलाफ विद्रोह किया। वह सामाजिक न्याय और समानता के प्रतीक हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उनका विशाल व्यक्तित्व एक सर्वशक्तिमान के रूप में संवैधानिक अधिकारों के माध्यम से हमारी रक्षा करने का काम करता है, प्रत्येक गांव में उनकी मूर्तियों की उपस्थिति एक प्रचुर प्रेरणा के रूप में कार्य करती हैं, जो कमजोर वर्गों को निरंतर आत्मविश्वास, समर्थन और साहस प्रदान करती है।

उन्होंने आगे कहा कि हम सभी डॉ. अंबेडकर का सम्मान करते हैं, क्योंकि उनकी विचारधारा 77 वर्षों में जाति, पंथ और धर्म के बावजूद दलितों और गरीबों के जीवन में आए बदलावों का स्रोत बनी हुई है।

# रोहित शर्मा भी हुए रिंकू सिंह के फैन, बताई उनकी सबसे बड़ी ताकत




नईदिल्ली, अफगानिस्तान के साथ बैंगलोर के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेले गए तीसरे टी-20 मुकाबले में कप्तान रोहित शर्मा ने कमाल की बल्लेबाजी की. उन्होंने अपने टी-20 करियर का पांचवां शतक लगाया और सुपर ओवर में टीम इंडिया को रोमांचक जीत दिलाई. हिटमैन को रिकॉर्डतोड़ पारी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच का अवॉर्ड भी दिया गया, जिसके बाद उन्होंने तूफानी बल्लेबाज रिंकू सिंह को लेकर भी बयान दिया.

भारत और अफगानिस्तान के बीच खेले गए तीसरे टी-20 मुकाबले में रोहित शर्मा और रिंकू सिंह ने 5वें विकेट के लिए 190 रनों की नाबाद साझेदारी हुई, जो एक रिकॉर्ड भी है. प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड जीतने के बाद रोहित शर्मा ने रिंकू सिंह की भी सराहना की. पोस्ट मैच प्रेजेंटेशन में रोहित शर्मा ने कहा, पिछले कुछ वक्त से उसने जिस भी सीरीज में खेला है, हर एक में साबित किया है कि वह बल्ले से क्या-क्या कर सकता है. वह बहुत शांत है और अपनी पावर को अच्छी तरह जानता है. वह उम्र के साथ निखर रहा है और वही कर रहा है जो उससे उम्मीद की जाती है और उसने भारत के लिए यकीनन अच्छा प्रदर्शन किया है. यह आगे बढ़ने वाली टीम के लिए अच्छे संकेत हैं, बैकएंड पर ऐसा कोई व्यक्ति चाहता था और हम जानते हैं कि उन्होंने इंडियन प्रीमियर लीग में क्या किया है और उन्होंने इसे टीम इंडिया में भी करके दिखाया है.

अफगानिस्तान के साथ खेले गए तीसरे टी-20 मुकाबले में एक वक्त था, जब टीम इंडिया का स्कोर 22/4 था. यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, शिवम दुबे और संजू सैमसन सस्ते में आउट हो गए थे. लेकिन, इसके बाद सबने देखा हिटमैन शो और उनका पूरा साथ दिया रिंकू सिंह ने. रोहित शर्मा और रिंकू सिंह ने मिलकर 5वें विकेट के लिए 190 रनों की कमाल की पार्टनरशिप की और रिकॉर्ड बना दिया. जी हां, यह भारत के लिए टी-20 क्रिकेट में किसी भी विकेट के लिए सबसे बड़ी साझेदारी है. इससे पहले रिकॉर्ड संजू सैमसन और दीपक हुड्डा के नाम था, जिन्होंने आयरलैंड के खिलाफ 2022 में 176 रन की पार्टनरशिप की थी.

# चीन और लेबनान ने एशिया कप मैच में गोलरहित ड्रा खेला



दोहा,एएफसी एशियन कप में ग्रुप ए के दूसरे दौर में लेबनान से चीन ने गोलरहित ड्रॉ मैच खेला। पहले दौर में चीन का मुकाबला ताजिकिस्तान से था जो 0-0 से ड्रा रहा, जबकि लेबनान ने मेजबान कतर के खिलाफ 3-0 से हार का सामना किया।

चीन और लेबनान दोनों नॉकआउट चरण में आगे बढ़ने की अपनी संभावनाओं को बनाए रखने के लिए जीत की बेताब कोशिश कर रहे थे।

रिपोर्ट के अनुसार, 45वें मिनट में चीन के फारवर्ड झांग युनिंग ने पेनल्टी क्षेत्र में लगातार दो हमले किए, जिन्हें लेबनान के गोलकीपर ओस्ताफा मातर ने बचा लिया।

पहले हाफ के स्टॉपेज समय में लेबनान गोल करने के करीब था, लेकिन चीन ने कई मौके बचाए।

65वें मिनट में चीनी स्ट्राइकर वू लेई के पास मैच का सबसे अच्छा मौका था, लेकिन वो इसका फायदा नहीं उठा पाए।

बुधवार को ग्रुप ए के एक अन्य मैच में कतर ने अकरम अफीफ के दो मैचों में तीसरे गोल की बदौलत ताजिकिस्तान को 1-0 से हराकर ग्रुप विजेता के रूप में नॉकआउट चरण में स्थान हासिल किया।

पहले दो राउंड के बाद कतर छह अंकों के साथ ग्रुप में सबसे आगे है। चीन दो अंकों के साथ दूसरे स्थान पर है, जबकि ताजिकिस्तान और लेबनान के पास एक-एक अंक है।

# कोहली के खास यार ने मचाया बल्ले से कोहराम, जोरदार शतक जड़कर लगाई अंग्रेजों की लंका



नई दिल्ली। इंग्लैंड लायंस के खिलाफ खेले जा रहे अनौपचारिक टेस्ट मैच में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के स्टार बल्लेबाज रजत पाटीदार ने बल्ले से जमकर धमाल मचाया है। रजत ने इंग्लिश गेंदबाजों की खूब खबर ली और 132 गेंदों पर 140 रन की तेज तर्रार पारी खेली। रजत की तूफानी बल्लेबाजी के दम पर भारतीय टीम ने पहली पारी में 8 विकेट खोकर स्कोर बोर्ड पर 215 रन लगा दिए हैं।

**रजत ने जड़ा जोरदार शतक**

इंग्लैंड लायंस की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 8 विकेट खोकर पहली पारी में 553 रन बनाए। इसके जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत बेहद खराब रही और टीम ने अपने छह विकेट महज 50 के स्कोर पर गंवा दिए।

हालांकि, मुश्किल हालात में रजत पाटीदार टीम के लिए संकटमोचक बनकर सामने आए और उन्होंने बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए शतक जमाया। दिन का खेल खत्म होने तक रजत 132 गेंदों पर 140 रन बनाकर नाबाद हैं। अपनी इस पारी के दौरान रजत अब तक 18 चौके और पांच छक्के जमा चुके हैं।

**भारतीय बैटिंग ऑर्डर हुआ फ्लॉप**

रजत को छोड़कर भारतीय टीम के अन्य बल्लेबाज बुरी तरह से फ्लॉप रहे। कप्तान अभिमन्यु ईश्वरन महज 4 रन बनाकर आउट हुए। वहीं, साई सुदर्शन बिना खाता खोले पवेलियन लौटे। सरफराज खान भी बल्ले से कुछ खास कमाल नहीं दिखा सके और महज 4 रन बनाकर चलते बने। रंजन पॉल भी बिना खाता खोले आउट हुए। श्रीकर भरत ने भी अपनी बल्लेबाजी से खासा निराश किया और वह सिर्फ 15 रन बनाकर आउट हुए।

**भारतीय गेंदबाजों की हुई धुनाई**

बल्लेबाजों के साथ-साथ भारतीय टीम के गेंदबाजों ने भी अपने प्रदर्शन से खासा निराश किया। इंग्लैंड लायंस ने पहली पारी में 8 विकेट के नुकसान पर स्कोर बोर्ड पर 553 रन लगाने के बाद पारी को घोषित करने का एलान किया। केटन जेनिंग्स ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 154 रन की दमदार पारी खेली।

# अंकिता ने दम दिखाया, 3 भारतीय प्री-क्वार्टर में पहुंचे

बेंगलुरु, यहां के केएसएलटीए स्टेडियम में खेले गए आईटीएफ महिला ओपन में भारत की अग्रणी स्टार अंकिता रैना ने एक सेट से पिछड़ने और दूसरे सेट में 1-5 से पिछड़ने के बाद हार के कगार से वापसी करते हुए शानदार प्रदर्शन किया और पहले दौर के मुकाबले में विक्टोरिया मोरवायोवा के खिलाफ जीत हासिल की।

आठवीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी ने गले में खराश और पेट की ऐंठन से जूझते हुए अपने स्लोवाकियाई प्रतिद्वंद्वी को 1-6, 7-5, 6-1 से हराकर प्री-क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।




रुतुजा भोसले और वैदेही चौधरी ने भी अंतिम 16 चरण में प्रवेश किया। जहां रुतुजा ने जापान की एरी शिमिजू के खिलाफ पहला सेट 0-6 से हारने के बाद वापसी की और अगले दो सेट 7-5, 7-5 से जीत लिए, वहीं वैदेही ने ग्रीस की सफो सकेलारिदी की चुनौती को 6-4, 6-2 से हरा दिया।बेहद प्रतिस्पर्धी मैदान में तीसरी वरीयता प्राप्त एकातेरिना मकारोवा जापान की क्वालीफायर नाहो सातो से 5-7, 2-6 से सीधे सेटों में हार के बाद टूर्नामेंट की पहली हार बनीं। बाद में जापान की क्वालीफायर मेई यामागुची ने सातवीं वरीयता प्राप्त सोफिया लांसरे को 6-2, 6-2 से हराकर घर भेज दिया।3 घंटे और 31 मिनट तक चले दिन के सबसे लंबे मैच में छठी वरीयता प्राप्त फ्रांस की कैरोल मोनेट ने सर्बियाई देजाना राडानोविक को 7-5, 4-6, 7-6 (9) से हराया।अंकिता, जो ऑस्ट्रेलियन ओपन में क्वालीफायर के दूसरे दौर में बाहर होने से अभी-अभी वापस आई हैं, पहले सेट में काफी संघर्षपूर्ण रहीं और कभी-कभी विजेता को भी हरा देती थीं।

पहले गेम में अपनी सर्विस बरकरार रखने के लिए संघर्ष करने के बाद, 31 वर्षीय शीर्ष भारतीय को कुछ खराब शॉट चयन के कारण नुकसान उठाना पड़ा। मोरवायोवा, जो अंकिता से 200 से अधिक रैंक नीचे हैं, कोर्ट पर तेज थीं। उन्होंने मौके का फायदा उठाते हुए लगातार पांच गेम जीतकर क्लीन स्वीप दर्ज किया और पहला सेट अपने नाम किया।दूसरे सेट में अंकिता ने पहले गेम में अपने प्रतिद्वंद्वी की सर्विस तोड़ दी और तुरंत वापस ब्रेक ले लिया। हालांकि, 22 वर्षीय खिलाड़ी ने चौथे और छठे गेम में ब्रेक के बाद 5-1 की बढ़त बना ली और मैच के लिए सर्विस कर रही थी, इससे पहले अंकिता ने वापसी करते हुए न केवल उनकी सर्विस तोड़ी, बल्कि अगले पांच गेम भी जीते। 9वें और 11वें गेम में ब्रेक के साथ स्कोर 1-1 हो गया।अंतिम सेट में भी इसी क्रम को जारी रखते हुए, अंकिता ने पहले और तीसरे गेम में ब्रेक के सौजन्य से पहले चार गेम जीते। मोरवायोवा ने सेट के बीच में अपना आपा खो दिया जब उसने सोचा कि गेंद आउट हो गई है लेकिन वास्तव में, गेंद अंदर थी। एकमात्र गेम जो वह जीत सकी वह 7वां गेम था जहां वह अपनी सर्विस बरकरार रखने में सफल रही क्योंकि भारतीय खिलाड़ी ने सेट अपने नाम कर लिया और यह मैच 2 घंटे 14 मिनट तक चला।

# अपने पहले ही टेस्ट में शमर जोसेफ ने पारी में लिए 5 विकेट

नईदिल्ली, ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के खिलाफ पहले एडिलेड टेस्ट में वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज शमर जोसेफ ने 5 विकेट हॉल लिया है।विशेष रूप से जोसेफ अपने डेब्यू टेस्ट में ये कारनामा करने वाले गेंदबाजों की सूची में शामिल हो गए हैं इससे पहले उन्होंने बल्लेबाजी में 36 रन की पारी खेलकर उपयोगी योगदान दिया था।अपने टेस्ट क्रिकेट करियर की पहली गेंद पर जोसेफ ने स्टीव स्मिथ का विकेट चटका दिया।ऑस्ट्रेलिया की ओर से टेस्ट में पहली बार पारी की शुरुआत करने आए स्मिथ 12 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद जोसेफ ने अच्छी गति और सटीक लाइन लेंथ से विपक्षी बल्लेबाजों को परेशान किया।उन्होंने मार्नस लाबुशेन (10), कैमरून ग्रीन (14), मिचेल स्टार्क (10) और नाथन लियोन (24) के भी विकेट चटकाए।उन्होंने 20 ओवर में 94 रन देते हुए 5 विकेट लिए।अपने टेस्ट डेब्यू से पहले जोसेफ ने अपने प्रथम श्रेणी करियर में



सिर्फ 5 मैच खेले थे, जिसमें 21.80 की औसत से 21 विकेट चटकाए थे।इस बीच उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 41 रन देते हुए 5 विकेट लेना रहा था। वह 2 पारियों में 5 विकेट हॉल भी अपने नाम कर चुके थे।बता दें कि उन्होंने फरवरी 2023 में गुयाना की ओर से अपने प्रथम श्रेणी करियर की शुरुआत की थी।रिपोर्ट के मुताबिक, गुयाना के एक छोटे से गांव बाराकारा के रहने वाले जोसेफ ने अपने क्रिकेट करियर को आगे बढ़ाने के लिए लगभग 18 महीने पहले अपनी नौकरी छोड़ दी थी।गुयाना के एक क्रिकेटर, जो उनके पड़ोसी थे, उन्होंने जोसेफ को एक गेंदबाजी कैंप में भेजा। वहां उन्हें महान खिलाड़ी कर्टली एम्ब्रोस ने देखा।दिलचस्प बात यह है कि जोसेफ ने उस कैंप में जाने से पहले केवल टेप गेंदों से क्रिकेट खेला था।जोसेफ का 36 रन अब ऑस्ट्रेलिया में 11वें नंबर के वेस्टइंडीज बल्लेबाज द्वारा बनाया गया दूसरा सबसे बड़ा टेस्ट स्कोर है।केवल रवि रामपॉल (एडिलेड, 2009 में 40*) ही इस मामले में उनसे आगे हैं।वह टेस्ट क्रिकेट में अपनी पहली ही गेंद पर विकेट लेने वाले टायरेल जॉनसन के बाद वेस्टइंडीज के सिर्फ दूसरे गेंदबाज बन गए।कुल मिलाकर वह यह मुकाम हासिल करने वाले 23वें गेंदबाज बने हैं।जोसेफ की उम्दा गेंदबाजी के चलते ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी 283 रन पर सिमट गई।कंगारू टीम से ट्रेविस हेड ने शानदार शतक (119) लगाया। उनके अलावा उस्मान ख्वाजा ने 45 रन की पारी खेली। पहली पारी के आधार पर मेजबान टीम ने 95 रन की बढ़त हासिल की।इससे पहले वेस्टइंडीज ने अपनी पहली पारी में सभी विकेट खोकर 188 रन बनाए थे।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
-सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382-222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail:
nagendra.uniyal@gmail.com